रविवार, 23 नवम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 19 – 29 |
| आर्द्रता | 7% |
| सूर्योदयः 5:53 | सूर्यास्तः 16:51 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



कार्यक्रमों में बुके नहीं, बुक दीजिए: पुष्कर सिंह धामी पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** दुःख को देवता समझो।

## पाकिस्तान टू इंडिया ड्रोन से हुई हथियारों की तस्करी, दिल्ली पुलिस ने किया इंटरनेशनल आर्म्स डील मॉड्यूल का भंडाफोड़

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के हाथ बेहद बड़ी कामयाबी लगी है। दरअसल उन्होंने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित सोनू खत्री उर्फ राजेश कुमार गैंग से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के चार गुर्गों मनदीप सिंह (38), दलविंदर सिंह (34), रोहन (30) और अजय उर्फ मोनू (37) के पास से 10 उच्च श्रेणी की तुर्किये (पीएक्स–5.7) और चीन (पीएक्स–3) निर्मित पिस्टल और 92 कारतूस बरामद किए गए हैं।



**ऐसे गिरफ्त में आया हथियार तस्कर गैंग**

क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 19 नवंबर को क्राइम ब्रांच की एंटी रॉबरी स्नैचिंग सेल टीम को दिल्ली–एनसीआर में आधुनिक हथियारों की सप्लाई करने वाले इंटरनेशनल हथियार तस्कर मॉड्यूल के बारे में सूचना मिली थी। **शेष पृष्ठ 7 पर**

# ‘वैश्विक विकास की प्राथमिकताएं फिर से तय करने की जरूरत’

## प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 समिट में चार नई पहल का रखा प्रस्ताव




**जोहानिसबर्ग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जोहान्सबर्ग में जी20 समिट को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहान्सबर्ग में जी20 समिट के शुरुआती सेशन में ग्लोबल डेवलपमेंट की प्राथमिकताओं को फिर से तय करने की बड़ी अपील की। उन्होंने सदस्य देशों से ऐसे मॉडल अपनाने की अपील की जो सबको साथ लेकर चलने वाले, टिकाऊ और सभ्यता की समझ पर आधारित हों। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने बड़े पैमाने पर विकास को आगे बढ़ाने के लिए कई उपायों का सुझाव दिया है।

पीएम मोदी ने इनक्लूसिव और सस्टेनेबल इकोनॉमिक ग्रोथ की वकालत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का इंटीग्रल ह्यूमनिज्म का सिद्धांत अधिक बैलेंस्ड ग्रोथ के लिए एक टेम्पलेट देता है। उन्होंने पूरे कॉन्टिनेंट में नॉलेज, स्किल्स और सिक्योरिटी पर कोऑपरेशन को नया आकार देने के मकसद से चार बड़े प्रपोजल भी पेश किए।

### ग्लोबल ट्रेडिशनल नॉलेज रिपॉजिटरी

उन्होंने कहा कि एक मुख्य विचार भारत की समृद्ध विरासत का इस्तेमाल करते हुए एक जी20 ग्लोबल ट्रेडिशनल नॉलेज रिपॉजिटरी बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी रिपॉजिटरी बेहतर स्वास्थ्य और सेहत को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक ज्ञान को बनाए रखने और शेयर करने में मदद करेगी। अफ्रीका में पहली बार समिट होस्ट करने के साथ, पीएम मोदी ने कहा कि इस समय दुनिया को इस बात पर फिर से सोचने की जरूरत है कि तरक्की को कैसे मापा जाए, खासकर उन इलाकों के लिए जो लंबे समय से रिसोर्स की कमी और इकोलॉजिकल इम्बैलेंस का सामना कर रहे हैं।

### जी20 अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर इनिशिएटिव

इस बात पर जोर देते हुए कि अफ्रीका का आगे बढ़ना ग्लोबल तरक्की के लिए जरूरी है, पीएम मोदी ने एक बड़े स्किल्स प्रोग्राम की घोषणा की। इसका सीधा मकसद महाद्वीप के युवाओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखना है। उन्होंने जी20–अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर इनिशिएटिव का प्रस्ताव रखा, जो ट्रेन–द–ट्रेनर मॉडल पर बना है। इसे सभी जी20 पार्टनर मिलकर सपोर्ट करेंगे। टारगेट: अगले दस साल में अफ्रीका में दस लाख सर्टिफाइड ट्रेनर।

### जी20 ग्लोबल हेल्थकेयर रिस्पॉन्स टीम

भारत ने जी20 ग्लोबल हेल्थकेयर रिस्पॉन्स टीम बनाने का प्रस्ताव रखा है। हेल्थ इमरजेंसी और प्राकृतिक आपदाओं के समय जब हम मिलकर काम करते हैं तो हम और मजबूत होते हैं। हमारी कोशिश साथी जी20 देशों से ट्रेंड मेडिकल एक्सपर्ट्स की टीम बनाने की होनी चाहिए जो किसी भी इमरजेंसी में तुरंत तैनात होने के लिए तैयार रहें।

### ड्रग–टेरर नेक्सस का मुकाबला करना

फेंटानिल जैसे बहुत असरदार सिंथेटिक ड्रग्स के दुनिया भर में फैलने पर चिंता जताते हुए, प्रधानमंत्री ने दुनिया भर में पब्लिक हेल्थ, सोशल स्टेबिलिटी और सिक्योरिटी सिस्टम पर इसके नतीजों के बारे में चेतावनी दी। उन्होंने ड्रग–टेरर नेक्सस का मुकाबला करने के लिए एक खास जी20 पहल की मांग की, जिसे फाइनेंशियल, गवर्नेंस और सिक्योरिटी फ्रेमवर्क को एक साथ लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस पहल का फोकस ड्रग–ट्रैफिकिंग नेटवर्क को खत्म करना, गैर–कानूनी पैसे के फ्लो को रोकना और टेरर ग्रुप्स के लिए फंडिंग के एक मुख्य सोर्स को कमजोर करना होगा। उन्होंने कहा कि इस चुनौती के लिए एकजुट ग्लोबल एक्शन की जरूरत है। समिट में इनक्लूसिव और सस्टेनेबल ग्रोथ पर फोकस करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि जी20 स्टेज पर अफ्रीका के आने से दुनिया को ’कोर्स करेक्शन’ का मौका मिला है।

## एकजुटता, समानता और स्थिरता समावेशी विकास के प्रमुख स्तंभ : जी20 घोषणापत्र

जोहानिसबर्ग में शनिवार को जी–20 नेताओं द्वारा अपनाए गए घोषणापत्र में कहा गया है कि बढ़ती भू–राजनीतिक एवं भू–आर्थिक प्रतिस्पर्धा के बीच एकजुटता, समानता और स्थिरता समावेशी विकास के प्रमुख स्तंभ हैं। इस घोषणापत्र को सभी सहभागी देशों ने सर्वसम्मति से अपनाया, हालांकि अनुपस्थित अमेरिका ने इसे बाधित करने का प्रयास किया। घोषणापत्र में अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की प्रतिबद्धता दोहराई गई। रूस, इजराइल और म्यांमा का नाम लिए बिना संकेत देते हुए कहा गया कि सभी देश किसी भी राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता और राजनीतिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने से बचें। मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय संप्रभुता, स्थिरता और वैश्विक समृद्धि के लिए अनिवार्य बताते हुए जी20 ने दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में तैयार ऊर्जा सुरक्षा टूलकिट की सराहना की। यह विकासशील देशों को तकनीक, जोखिम प्रबंधन, आपात तैयारी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा। घोषणापत्र में बताया गया कि उच्च ऋण स्तर विकासशील देशों में स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और आपदा तैयारी पर निवेश की क्षमता सीमित करता है। आपदा–प्रभावित देशों, विशेषकर एसआईडीएस और एलडीसी, पर विशेष ध्यान की आवश्यकता रेखांकित की गई। सतत औद्योगिकीकरण को ऊर्जा परिवर्तन और विकास की आधारशिला बताया गया।

## जी20 समिट की टूटी परंपरा, अमेरिका के बायकॉट के बाद भी प्रस्ताव पास

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन पर एक ऐतिहासिक घोषणापत्र पारित किया है। जी20 देशों के समूह की ओर से घोषणापत्र पर अमेरिका के विरोध और बहिष्कार के बाद बावजूद सर्वसम्मति से सहमति बनी है। जी20 समूह की ओर से उठाए गए इस कदम को परंपरा के हटकर बताया जा रहा है, क्योंकि जी20 में शामिल दुनिया भर के नेताओं ने जलवायु परिवर्तन को लेकर अमेरिका की अनुपस्थिति में एक संयुक्त घोषणापत्र पारित किया।

**वैश्विक नेताओं के घोषणापत्र में भारत की प्राथमिकताएं** (पृष्ठ 7)

## शीतकालीन सत्र के लिए 10 विधेयक सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली :** सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पेश करने के लिए कुल 10 विधेयकों को सूचीबद्ध किया है जिनमें निजी कंपनियों के लिए असैन्य परमाणु क्षेत्र को खोलने के प्रावधान वाला एक विधेयक भी शामिल है। ’परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025’ भारत में परमाणु ऊर्जा के उपयोग और विनियमन को नियंत्रित करने के उद्देश्य लाया जा रहा है। इस सत्र के लिए उच्च शिक्षा आयोग विधेयक भी सरकार के एजेंडे में है। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, प्रस्तावित कानून विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वतंत्र और स्वशासी संस्थान बनने और मान्यता और स्वायत्तता की एक मजबूत और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भारत के एक उच्च शिक्षा आयोग की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक भी परिचय के लिए सूचीबद्ध है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए तेज़ और पारदर्शी भूमि अधिग्रहण सुनिश्चित करना है। कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 भी एजेंडे में शामिल है, जिसका उद्देश्य व्यवसाय करने में आसानी की सुविधा के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 और एलएलपी (सीमित देयता भागीदारी) अधिनियम, 2008 में संशोधन करना है। इसके अलावा सरकार के एजेंडे में प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक (एसएमसी), 2025 है, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992, डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 के प्रावधानों को एक तर्कसंगत एकल प्रतिभूति बाजार संहिता में समेकित करने का प्रस्ताव करता है।









## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 नवम्बर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष तृतीया, 19:23 तक , नक्षत्र : मूल, 19:18 तक , योग : धृति, 12:04 तक , सूर्योदय: 05:53, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 08:28, चन्द्रास्त: 19:07, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : धनु , राहू काल : 15:26 से 16:47

## साप्ताहिक : राशिफल 13-11-25 से 29-11-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा मुश्किल भरा रहने वाला है। काम का दबाव रहेगा, लेकिन आपके प्रयास बेहतरीन रिजल्ट लेकर आएंगे। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आपकी क्षमता साबित करने का मौका देंगी। बिजनेस में रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे। परिवार में किसी पुराने मामले का समाधान निकल सकता है। रिश्तों में गलतफहमियां कम होंगी और बातचीत बेहतर बनेगी। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन थकान और नींद की कमी परेशान कर सकती है। यात्रा का योग भी बन रहा है, लेकिन सावधानी अवश्य रखें।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभ एवं संतोषजनक रहने वाला है। आर्थिक तौर पर आपके लिए बेहद फायदेमंद रहने वाला है। रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं और किसी नई इनकम का स्रोत भी खुल सकता है। करियर में तेजी आएगी और आप अपने लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे। फैमिली में खुशियां बढ़ेंगी और रिश्तों में प्यार व समझ बढ़ेगी। कपल्स के लिए यह समय खास रहेगा। सेहत बेहतर रहेगी और मानसिक शांति बढ़ेगी। किसी काम में अनुभवी लोगों की सलाह फायदेमंद साबित हो सकती है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ी निराशापूर्ण रहने वाली है। सप्ताह की शुरुआत थोड़ी धीमी रहेगी, लेकिन सप्ताह का अंत शानदार रहेगा। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। किसी बात में जल्दबाजी आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है, इसलिए सोच-विचार कर निर्णय लें। घर के बड़े- बुजुर्ग का सहयोग मिलेगा और रिश्तों में सुधार होगा। बिजनेस में नए कॉन्टैक्ट बनेंगे। यात्रा से फायदा और नए अनुभव मिलने की संभावना है। सेहत में थोड़ी उतार-चढ़ाव रहेगा है, खानपान का विशेष ध्यान रखें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह भावनात्मक रूप से मजबूती देगा। काम में तेजी आएगी और आपको अपनी मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। बिजनेस करने वालों को बड़ा फायदा या नया कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा और कोई शुभ समाचार मिल सकता है। प्रेम संबंधों में विश्वास बढ़ेगा। सेहत में सुधार होगा और पुरानी समस्या दूर हो सकती है। इस सप्ताह आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह आत्मविश्वास से भरा रहने वाला है। आप नई शुरुआत करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए यह समय शानदार है, प्रमोशन या प्रशंसा मिलने की संभावना है। आर्थिक लाभ होने के योग हैं और किसी पुराने कार्य का पूरा होना राहत देगा। परिवार में चल रहे तनाव खत्म होंगे और माहौल सकारात्मक रहेगा। प्रेम जीवन में रोमांस बढ़ेगा। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन ओवरवर्क से बचें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए भी यह सप्ताह बेहतरीन रहने वाली है। मेहनत रंग लाएगी। पढ़ाई और करियर में अच्छी प्रगति होगी। किसी परीक्षा या इंटरव्यू में सफलता मिलने के योग हैं। परिवार में किसी शुभ कार्य पर चर्चा हो सकती है। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और लंबे समय से रुकी प्लानिंग आगे बढ़ेगी। सेहत में सुधार रहेगा और ऊर्जा बनी रहेगी। दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका भी मिलेगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए भी यह सप्ताह रिश्तों की सौगात लेकर आएगी और तनाव खत्म होगा। नौकरी में स्थिरता और विकास के संकेत हैं। आपकी प्लानिंग सही दिशा में आगे बढ़ेगी। आर्थिक लाभ के कुछ नए मौके बनेंगे। यात्रा करना फायदेमंद रहेगा, चाहे वह निजी हो या प्रोफेशनल। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन मानसिक तनाव कम होगा। आप खुद को पहले से ज्यादा संतुलित महसूस करेंगे।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए भी यह सप्ताह अनुकूल रहने वाला है। नई प्लानिंग और मेहनत आपको सफलता दिलाएगी। इनकम बढ़ने के संकेत हैं और रुका हुआ काम तेजी से पूरा होगा। परिवार में सहयोग मिलेगा और माहौल खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। लोग आपकी बातों को गंभीरता से लेंगे। यात्रा का योग बन रहा है, जो लाभदायक साबित हो सकती है। सेहत भी अच्छी रहेगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए भी यह सप्ताह आर्थिक रूप से मजबूत रहेंगी। कई अटके काम पूरे होंगे। नई नौकरी या पदोन्नति के अवसर सामने आ सकते हैं। बिजनेस में बढ़ोतरी के संकेत हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा और कोई उत्सव भी हो सकता है। हालांकि सेहत को लेकर सावधानी जरूरी है, खानपान और नींद का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं, लेकिन सोच-समझकर करें।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि वाले जातकों के लिए यह हफ्ते काम के सिलसिले में भागदौड़ बढ़ेगी लेकिन उसका सकारात्मक परिणाम मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा और किसी रिश्तेदार से मिलने का योग है। रुके हुए काम पूरे होंगे और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन मानसिक तनाव थोड़ा बढ़ सकता है, ध्यान या मेडिटेशन फायदेमंद रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि वाले जातकों को इस सप्ताह बड़ी जिम्मेदारियां मिल सकती हैं जो आपके करियर को नई दिशा देंगी। आर्थिक लाभ के कई मौके बनेंगे और किसी बड़ी डील या प्रोजेक्ट का फायदा मिलेगा। परिवार में किसी शुभ कार्यक्रम का योग है। दोस्तों के साथ समय अच्छा बीतेगा। सेहत बढ़िया रहेगी और ऊर्जा बनी रहेगी। आपकी पर्सनैलिटी लोगों को आकर्षित करेगी।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि वाले जातकों के लिए यह सप्ताह करियर और व्यक्तिगत रिश्तों के लिए बढ़िया रहेगा। पार्टनर के साथ रिश्ते गहरे होंगे और किसी खास बात पर सहमति बनेगी। काम में नए अवसर मिलेंगे और आप अपनी क्रिएटिविटी से लोगों को प्रभावित करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और इनकम बढ़ेगी। सेहत उत्तम रहेगी और मन प्रसन्न रहेगा।

# माघ मेले में 15 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने की उम्मीद: योगी आदित्यनाथ

## माघ मेले की तैयारी की समीक्षा करने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री



**प्रयागराज (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि प्रयागराज में तीन जनवरी से प्रारंभ हो रहे माघ मेले का दायरा 2024 के मेले की तुलना में बढ़ाया गया है और इस बार मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने यहां मेला प्राधिकरण के सभागार में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, ''माघ मेला 2026 की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इस बार इसका (माघ मेले का) दायरा 2024 की तुलना में बढ़ाया गया है।'' उन्होंने कहा, ''आमतौर पर देखा गया है कि मेले में 20-25 लाख कल्पवासी एक माह तक यहां प्रवास करते हैं। हमारा अनुमान है कि इस डेढ़ महीने के दौरान प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ लोग संगम पर स्नान करेंगे जिसमें प्रतिदिन स्नान करने वाले कल्पवासी शामिल हैं।'' योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''इस बार माघ मेला पंद्रह दिन पहले है। तीन जनवरी को पौष पूर्णिमा है, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, पहली फरवरी को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि है।''

### उत्तर प्रदेश सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें निरुद्ध केंद्र में रखेगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को घुसपैठियों की पहचान कर उन पर त्वरित और सख्त कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश शनिवार को जारी किए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बयान में कहा गया, ''मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में मौजूद घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करें और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करें।''

## सम्राट चौधरी के गृहमंत्री बनते ही एक्शन में बिहार पुलिस, योगी स्टाइल में किया एनकाउंटर, 3 अरेस्ट



**बेगूसराय: :** बिहार पुलिस भी उत्तर प्रदेश की तरह एक्शन मोड में नजर आई. भाजपा के सम्राट चौधरी के गृहमंत्री बनते ही बिहार के बेगूसराय जिले में हथियार तस्करी के कई मामलों में वांछित अपराधी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान आरोपी शिवदत्त राय के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उन्होंने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला पुलिस की संयुक्त टीम शुक्रवार शाम साहेबपुर कमाल क्षेत्र में राय की तलाश में पहुंची। पुलिस को देखते ही राय ने गोली चलाते हुए भागने की कोशिश की। एक बयान में कहा गया, पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए नियंत्रित गोलीबारी की। अंततः पुलिस ने उसे काबू कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी का इलाज सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर है। राय से मिली जानकारी के आधार पर, पुलिस ने शालिग्राम इलाके में छापेमारी कर एक मिनी-गन फैक्टरी का भी पता लगाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से सात देसी पिस्तौल, मैगजीन और 3.7 लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

### झारखंड : सर्विस राइफल साफ करते समय गोली चलने से सशस्त्र पुलिस के जवान की मौत

**देवघर :** झारखंड के देवघर जिले में शनिवार को सर्विस राइफल साफ करते समय कथित तौर पर गोली चलने से सशस्त्र पुलिस के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना मोहनपुर थाना क्षेत्र के जेएपी-5 शिविर में उस समय हुई, जब करीब 70 जवान अपने हथियार साफ कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हवलदार शिवपूजन पाल (30) की उस वक्त मौत हो गई, जब वह अपनी सर्विस राइफल एके-47 को साफ कर रहे थे, तभी अचानक उससे गोली चल गई। पुलिस ने बताया कि शिवपूजन बिहार के कैमूर जिले के भभुआ के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### झारखंड: ई-रिक्शा पर डंपर गिरा, तीन लोगों की मौत

**सरायकेला (झारखंड) :** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में शनिवार को लोहे से लदा एक डंपर ई-रिक्शा पर गिर गया, जिससे तीन लोगों की दबकर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चलियामा में तब हुई जब कथित तौर पर खराब सड़क की वजह से चालक ने डंपर पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन ई-रिक्शा पर गिर गया। राजनगर पुलिस थाना के प्रभारी चंचल कुमार ने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया। घायलों में से एक की अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का कारण जानने के लिए जांच की जा रही है।

### झारखंड में जंगली हाथियों ने दो लोगों को मार डाला

**गिरिडीह/गुमला :** झारखंड के गिरिडीह और गुमला जिलों में शनिवार को अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की हाथियों द्वारा कुचले जाने से मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरिडीह जिले के बिशुनपुरा गांव के रहने वाले 61 वर्षीय किसान जागो महतो धान की कटाई कर रहे थे कि तभी एक जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया।

## सत्तापक्ष, विपक्ष का उद्देश्य जनकल्याण और राज्य का विकास होना चाहिए: झारखंड के राज्यपाल



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल और विपक्ष, दोनों का लक्ष्य जनकल्याण और राज्य का विकास होना चाहिए। गंगवार ने विधायकों से यह यह सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने रांची में झारखंड विधानसभा के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा, मेरा मानना है कि लोकतंत्र का सशक्तीकरण स्वस्थ चर्चा से होता है, टकराव से नहीं। सत्तारूढ़ दल और विपक्ष-दोनों का उद्देश्य जनकल्याण और राज्य का विकास होना चाहिए। झारखंड विधानसभा 22 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आयी थी। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का केंद्रीय स्तंभ है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुने गए विधायक ना केवल राज्य में कानून बनाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि जनता और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में भी कार्य करते हैं।

### भीलवाड़ा में अवैध बजरी खनन के दौरान हादसा, दो मजदूरों की मौत

**जयपुर :** भीलवाड़ा जिले में कोठारी नदी के किनारे अवैध रूप से बजरी निकालने के दौरान मिट्टी ढह जाने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सदर थाना क्षेत्र में कामधेनु बालाजी मंदिर के पास उस समय हुआ, जब कुछ मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर बजरी लेने पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि खुदाई के दौरान बजरी का बड़ा टीला अचानक धंस गया, जिससे दो मजदूर दीपू सिंह और पूरन बागरिया मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही सदर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से लगभग आधे घंटे की कोशिश के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## मऊ में पुल से टकराने के बाद कार नाले में गिरी, युवक की मौत

**मऊ (उप्र) :** मऊ जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार पुल से टकराने के बाद नाले में गिर गई जिससे कार चला रहे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह हादसा हलधरपुर थाना क्षेत्र में रतनपुरा के खोहियापुर नाला पर बने पुल पर शुक्रवार की आधी रात के बाद हुआ। मृतक की पहचान रतनपुरा प्रखंड के नगवा गांव निवासी शेखर सिंह (21) के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार की गति इतनी तेज थी कि वह पुल से टकराकर हवा में उछलते हुए नाले में जा गिरी। शेखर सिंह रतनपुरा में एक बारात के कुछ लोगों को छोड़ने के बाद अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हलधरपुर के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि कार (मारुति वैगनआर) तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और नीचे नाले में गिर गई जिससे कार चला रहे युवक की मौत हो गई।

## उत्तर प्रदेश में 2027 में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी : अपर्णा यादव

**अमेठी :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू अपर्णा यादव ने शनिवार को दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में राज्य में एक बार फिर ''कमल खिलेगा'' और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। अमेठी में शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल एकता यात्रा में शामिल होने पहुंचीं अपर्णा यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में यह बयान दिया। जब पत्रकारों ने उनसे सपा मुखिया अखिलेश यादव के 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नारे पर सवाल किया तो उन्होंने कहा, ''मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।'' यादव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश में जहां-जहां भी चुनाव होंगे वहां कमल खिलेगा। हमारे इरादे स्पष्ट हैं और भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता साल के 365 दिन जनता और देश के लिए काम करता है।

## बिहार: तीन नए मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग का कार्यभार संभाला

**पटना :** विभागों के बंटवारे के एक दिन बाद तीन प्रमुख मंत्रियों-भाजपा के दिलीप जायसवाल, जदयू के अशोक चौधरी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दीपक प्रकाश-ने सोमवार को अपने-अपने विभागों का कार्यभार संभाल लिया। दीपक प्रकाश ने पंचायती राज विभाग का पदभार ग्रहण किया, जबकि वे न तो विधायक हैं और न ही एमएलसी। जायसवाल ने उद्योग विभाग के मंत्री के रूप में काम शुरू करते हुए कहा कि विभाग अगले दस दिन में निवेश को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण से जुड़ी 21,406 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाएगा, ताकि हर बस्ती तक पक्की सड़क पहुंचे। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार पंचायतों को अधिक अधिकार देकर उन्हें मजबूत और जवाबदेह स्थानीय इकाइयों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बागपत के युवक को कंबोडिया से छुड़ाकर भारत लाया गया



**बागपत (उप्र) :** बागपत जिले के ग्राम घनौरा सिल्वर नगर निवासी विकास राणा को कंबोडिया में सक्रिय एक साइबर धोखाधड़ी गिरोह के चंगुल से मुक्त कराकर भारत वापस लाया गया है। पुलिस ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, राणा की पत्नी डोली ने शिकायत की थी कि उनका पति नौकरी की तलाश में कंबोडिया गया था, जहां उसे अवैध तरीके से बंधक बनाकर साइबर धोखाधड़ी गतिविधियों में लगाया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस महानिरीक्षक (मेरठ जोन) और पुलिस उपमहानिरीक्षक (मेरठ रेंज) के निर्देश पर साइबर प्रकोष्ठ बागपत ने जांच शुरू की। साइबर सेल के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह पुष्टि हुई कि राणा एक ऐसे गिरोह के कब्जे में था जो विदेशों में युवाओं को नौकरी का लालच देकर ले जाता है और वहां उनसे साइबर धोखाधड़ी कराता है।

## गोरखपुर के गीडा में फैक्टरी की आग 25 घंटे बाद बुझी, प्रशासन सतर्कता बरत रहा



**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के गीडा सेक्टर-15 स्थित 'रूंगटा इंडस्ट्रीज' में लगी भीषण आग पर 25 घंटे के गहन अभियान के बाद शनिवार को पूरी तरह काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि करीब 100 दमकलकर्मियों ने पूरी रात अथक प्रयास किया, जिसके बाद आग पूरी तरह काबू पा लिया गया है। स्थिति सामान्य होने पर देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर, सिद्धार्थनगर और गोंडा से आईं दमकल गाड़ियों को वापस भेज दिया गया है। एहतियातन गोरखपुर की दमकल गाड़ियों को अभी भी आरक्षित रखा गया है। शुक्रवार तड़के लगी इस आग ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र में दहशत फैला दी थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) संतोष कुमार राय ने बताया कि शनिवार सुबह आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से सतर्कता बरती जा रही है। गोरखपुर के जिलाधिकारी (डीएम) दीपक मीणा ने बताया कि आज सुबह स्थिति सामान्य है और पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, अभी वहां केवल एक-दो दमकल गाड़ियां तैनात हैं। शाम तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। दिल्ली से आई तकनीकी टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया है। मीणा ने बताया, घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है; वह अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3271

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ | | ■ | |
| 7 | 8 | | 9 | ■ | 10 | | | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 13 | | | | ■ | ■ | 14 | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | | ■ | 19 | | 20 |
| | ■ | 21 | ■ | | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | 23 | | | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | ■ | | ■ | 25 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) बेक़सूर, 3) दलाली, 6) नक़ली, 7) नखरे तथा गर्वपूर्वक इतराना, 10) एक राजा जिसने शक संवत् चलाया था, 12) सूर्योदय देश, 13) पराभव, 14) आसानी, 16) छोला, 17) मुँह में ऊपर-नीचे की वे हड्डियाँ जिसमें दाँत होते हैं, 19) माँग ; लालसा, 22) मुक्त, 23) उपद्रवी; मूर्ख, 24) नियुक्त करना *(नौकर)*, 25) एक फल.

*ऊपर से नीचे:-* 1) रानी, 2) कोमल, 3) वैभवशाली, 4) पदतल, 5) फूल, 8) लड़ना, 9) अनुचित; अवैध; 11) चक्का जाम, 13) एक संख्या, 15) अंदर का, 18) बकवास, 20) क्रांतिकारी; विद्रोही, 21) हाथ पसारना, 22) पेशगी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ख़ा | बि | र | ■ | ■ | फ | टी | च | र |
| ■ | ब | ■ | च | ट | प | टा | ■ | य | ■ |
| स | र | क | ना | ■ | नी | ■ | ऐ | न | क |
| सु | ■ | बा | ■ | ए | ला | न | ■ | ■ | रु |
| र | ब | ड़ी | ■ | क | ■ | ह | रि | या | णा |
| ■ | ग | ■ | प | ता | व | र | ■ | मि | ■ |
| क | ला | कं | द | ■ | रा | ■ | प | नी | र |
| ठो | ■ | ड | ■ | रा | ह | गी | र | ■ | क्ष |
| र | स | म | ला | ई | ■ | ला | ■ | शो | क |

## सुडोकू-पहेली-3230

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 1 | 5 | | |
| | | | 5 | | | | 8 | 4 |
| | | 5 | | | 7 | 6 | | |
| | | | | | | | | |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| | | | 8 | 5 | | | | 9 |
| | | 3 | | 9 | 4 | | | 7 |
| | | 4 | | | | | | 8 |
| 5 | | 6 | | 1 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3229 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 1 | 7 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 5 |

# एसआईआर के बीच राज्य में विकास की गति बनी रहे, नवान्न के जिलाधिकारियों को दिया सख्त संदेश

**मुख्य ने नवान्न में जिलाधिकारियों के साथ की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर का काम चल रहा है। मतदाता सूची के स्पेशल रिवीजन को पूरा करने की डेडलाइन जैसे-जैसे पास आ रही है, बीएलओ पर दबाव बढ़ रहा है। उन्हें लगभग दिन-रात काम करना पड़ रहा है। चूंकि, इस काम में मुख्य रूप से सरकारी कर्मचारी और अधिकारी शामिल हैं, इसलिए नवान्न की तरफ से उन्हें अपने-अपने विभाग के काम को लेकर चेतावनी दी गई है। शनिवार को मुख्य सचिव मनोज पंत ने जिला अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में निर्देश दिया है कि एसआईआर जैसा चल रहा है चले, लेकिन विकास के काम में रुकावट न आए।

दरअसल, इस दिन, मुख्य सचिव मनोज पंत ने नवान्न की 13वीं मंजिल पर जिला अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पहला, विभिन्न विभागो से विकास कार्यों के काम लिए जो आवंटन लिया गया हैं और चल रहे हैं, उनकी रफ्तार किसी भी तरह से



न रुके। उन कामों को तय समय में पूरा किया जाए। मुख्य सचिव ने जिला अधिकारियों को इस बारे में बार-बार चेतावनी दी है। इस बारे में 'आमर पाड़ा-आमार समाधान' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन कामों को जल्दी पूरा करके रिपोर्ट दी जाए। मुख्य सचिव ने जिला अधिकारियों को फिर याद दिलाया है कि वे उन बीएलओ के परिवारों के साथ रहें, जिन्होंने हाल ही में एसआईआर के 'काम के प्रेशर' की वजह से अपनी जान गंवाई है। इसके अलावा, 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना पर भी इस समय काम चल रहा है। एलिजिबल बेनिफिशियरी की लिस्ट तैयार की जा रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि यह काम भी तय समय में पूरा किया जाना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, यह काम जनवरी तक पूरा होना है। इसे तय समय में पूरा किया जाना चाहिए। यह देखना होगा कि गांव की सड़कों का काम किसी भी तरह से रुका न हो। विकास के काम से जुड़ी चर्चाओं के अलावा, इस दिन 10 से 12 सरकारी विभाग के काम का भी रिव्यू किया गया। बताया जा रहा है कि इन विभागों का काम कितना आगे बढ़ा है, यह दिखाने के लिए एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी दिया गया। हालांकि, मुख्य बात यह थी कि राज्य में विकास के काम पर कड़ी नजर रखी जाए ताकि एसआईआर का काम न रुके।

## 'एसआईआर फॉर्म भरने पर भाजपा कार्यकर्ता को दी गई धमकी, केबल कनेक्शन भी काटा गया'

**शुभेंदु अधिकारी का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट जारी कर तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि आरामबाग सांगठनिक जिले के चंद्रकोणा विधानसभा अंतर्गत मंगरुल इलाके में बूथ संख्या 216 (गोहाल सिनी) के भाजपा कार्यकर्ता हिमाद्री दे को तृणमूल पंचायत सदस्य शेख शाफिरुल हक और अमजद अली खान ने खुलेआम धमकी दी है। शुभेंदु अधिकारी ने घटना का एक ऑडियो क्लिप भी अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हिमाद्री दे का दोष सिर्फ इतना था कि उन्होंने एसआईआर फॉर्म भरा।



इसके बदले न सिर्फ उन्हें गालियां दी गईं, बल्कि उनके घर का केबल टीवी कनेक्शन तक काट दिया गया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि देश के कई अन्य राज्यों में भी एसआईआर प्रक्रिया चल रही है, लेकिन कहीं भी ऐसी अराजक स्थिति नहीं है। उनके अनुसार, एसआईआर एक सामान्य प्रक्रिया है जिसे चुनाव आयोग नियमित अंतराल पर लागू करता है। उन्होंने सीएम ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वह शुरुआत से ही एसआईआर का विरोध कर रही हैं और जनता को गलत जानकारी देकर भड़का रही हैं।

शुभेंदु अधिकारी ने पोस्ट में कहा कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद फर्जी बांग्लादेशी और अवैध मतदाता राज्य छोड़ना शुरू कर चुके हैं, जिससे तृणमूल कांग्रेस में नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी इन अवैध मतदाताओं के जरिए ही अब तक सत्ता में बनी रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने तृणमूल कार्यकर्ताओं को चेताते हुए कहा कि ऐसी धमकी और दबाव की राजनीति से दूर रहें, वरना परिस्थितियां आपके खिलाफ जा सकती हैं। उस समय आपकी नेता या पार्टी भी साथ नहीं खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता एसआईआर प्रक्रिया का स्वागत कर रही है, और इसी वजह से तृणमूल नेतृत्व घबराहट में है। पुलिस और प्रशासन की ओर से इस आरोप पर खबर लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

## दिसंबर के दूसरे सप्ताह में आरामबाग में पीएम मोदी की जनसभा की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस साल के आखिर से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा की बैठक के बाद पता चला कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली के बड़े नेता चुनाव प्रचार के लिए दिसंबर से ही लगातार बंगाल आ रहे हैं। इस बार, पीएम मोदी की जनसभा की तारीख पर भी चर्चा शुरू हो गई है। पीएम मोदी दिसंबर के दूसरे सप्ताह में बंगाल आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, आरामबाग में जनसभा होने की संभावना है। प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने उस जनसभा के लिए 13 या 14 दिसंबर को संबंधित प्रशासन को आवेदन किया है। अमित शाह का दौरा दिसंबर के आखिर से हो सकता है।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल की तैनाती



**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली धमाकों ने पूरे देश में सुरक्षा की स्थिति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इसी सिलसिले में पूर्वी भारत के सबसे व्यस्त और अहम एयरपोर्ट - नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एयरपोर्ट के रनवे से सटे अलग-अलग गेट, टर्मिनल और सुरक्षा पॉइंट पर पहले से ही 69 नए सीआईएसएफ जवानों को तैनात किया गया है। इस वजह से, कोलकाता एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ जवानों की कुल संख्या अब 2,102 हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, बात यहीं खत्म नहीं होती। सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए, अगले कुछ दिनों में कोलकाता एयरपोर्ट पर 100 और जवान जुड़ने वाले हैं। इससे टर्मिनल के अंदर के अलावा कार पार्किंग ज़ोन, बैगेज स्क्रीनिंग काउंटर, वीआईपी कॉरिडोर, लॉजिस्टिक्स कार्गो टर्मिनल और एयरसाइड एरिया में भी सुरक्षा घेरे की सघनता बढ़ेगी।

# तृणमूल ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाया, एसआईआर को कई मौतों से जोड़ा

**पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ ऑफिस में सौंपा ज्ञापन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को निर्वाचन आयोग पर एक विशेष राजनीतिक दल को खुश करने का आरोप लगाया और राज्य में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को हाल में बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) सहित आम लोगों की मौतें से जोड़ा। तृणमूल कांग्रेस ने यह भी दावा किया कि राज्य में जारी एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 34 लोगों की मौत हो गई है और इन मौतों के लिए निर्वाचन आयोग से जिम्मेदारी लेने की मांग की। इस दिन, वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता अरूप बिस्वास, चंद्रिमा भट्टाचार्य



और पार्थ भौमिक शनिवार को सीईओ के कार्यालय पहुंचे और इन चिंताओं को रेखांकित करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। वरिष्ठ मंत्री बिस्वास ने पत्रकारों से कहा कि जो काम सामान्यतः दो साल में होता है, उसे दो महीनों में कराया जा रहा है। आयोग पर एक राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने का आरोप लग रहा है। प्रत्येक बूथ पर 150 से 200 मतदाताओं के नाम जानबूझकर छोड़े जा रहे हैं। आयोग की वेबसाइट गलतियों से भरी हुई है। यह चूक लोगों की जान ले रही हैं। तृणमूल नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) को एसआईआर के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया गया है और कि निर्वाचन आयोग दो साल का काम केवल दो महीनों में पूरा करने की कोशिश कर रहा है। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि बीएलओ को बिना उचित प्रशिक्षण के उन पर अनावश्यक दबाव डाला जा रहा है, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ रही है।

## चुनाव आयोग ने बीएलओ से ऐप में 'एडिट ऑप्शन' लिया वापस




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सत्यापन में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की सुविधा के लिए ऐप में एडिट का विकल्प दिया गया था. ताकि कोई गलती होने पर वो बाद में ऐप में उसे सुधार सकें, लेकिन उस विकल्प को फिर से वापस ले लिया गया है। राज्य के कई हिस्सों से शिकायतें आ रही थीं कि सत्तारूढ़ दल के बीएलए के दबाव में बीएलओ को गलत जानकारी देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बीएलओ ने सीईओ से शिकायत की थी। कई मामलों में दबाव में गलत जानकारी अपलोड की जा रही है, जिसे आयोग के संज्ञान में भी लाया गया था। तब बीएलओ ने मांग की कि आयोग उनकी बातों को सुनने के बाद ही एडिट का विकल्प दे। ऐसे में बीएलओ जानकारी को सही कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने माना कि एडिट/अनमैप विकल्प से भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी, बीएलओ और राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे थे, इसलिए विकल्प वापस ले लिया गया है।

# 'दबाव सहन नहीं हो रहा', कृष्णानगर में काम के दवाब में महिला बीएलओ ने की आत्महत्या

*** मिला सुसाइड नोट, डीएम से रिपोर्ट तलब * राज्य मंत्री ने परिवार से की मुलाकात**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के रूप में कार्यरत एक महिला शनिवार की सुबह अपने घर में मृत मिली। पुलिस के अनुसार, उसके परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी काम के कारण काफी तनाव में थी और इसी कारण उसने आत्महत्या की। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि रिंकू तरफदार (52) नाम की बीएलओ का शव छपरा के कृष्णानगर स्थित बंगालझी इलाके में उनके घर के कमरे में छत से लटका मिला। अधिकारी ने कहा कि परिवार का दावा है कि एसआईआर संबंधी काम के बोझ के कारण वह काफी दबाव



में थीं। हमें उनके कमरे से एक नोट मिला है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आवश्यक जांच जारी है। उन्होंने बताया कि तरफदार, विवेकानंद विद्यामंदिर में पैरा-शिक्षक थीं और वह छपरा-दो पंचायत में बूथ संख्या 201 के लिए बीएलओ के रूप में कार्यरत थीं। पुलिस सूत्रों ने कहा कि एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। तरफदार ने उनके द्वारा कथित तौर पर लिखे गए नोट में 'इसके लिए निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार ठहराया'। पुलिस अधिकारी के अनुसार, तरफदार ने यह भी कहा था कि वह किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करती थीं और वह एक सामान्य नागरिक थीं। राज्य के मंत्री उज्ज्वल विश्वास ने मृतका के घर जाकर परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने नदिया के जिला मजिस्ट्रेट से एक महिला बूथ स्तर अधिकारी की मौत पर तत्काल रिपोर्ट मांगी है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, सीईओ कार्यालय ने नदिया के डीएम अनीश दासगुप्ता को तुरंत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने भी नदिया के जिला मजिस्ट्रेट से फोन पर बातचीत कर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली है।

## 'एसआईआर के लिए और कितनी जानें जाएंगी?', बीएलओ की मौत पर भड़कीं ममता



मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बीएलओ की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि यह अब 'वास्तव में चिंताजनक' हो गया है। ममता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक और बीएलओ, एक महिला पैरा-शिक्षक की मौत की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा है, जिसने आज कृष्णानगर में आत्महत्या कर ली। एसी 82 छपरा के भाग संख्या 201 की बीएलओ रिंकू तरफदार ने आज अपने आवास पर आत्महत्या करने से पहले अपने सुसाइड नोट (प्रतिलिपि संलग्न है) में भारत निर्वाचन आयोग को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि और कितने लोगों की जान जाएगी? इस एसआईआर के लिए और कितने लोगों को मरना होगा? इस प्रक्रिया के लिए हमें और कितने शव देखने होंगे? यह अब सचमुच चिंताजनक हो गया है।

## नकाशीपाड़ा में हथियारों के साथ दो सुपारी किलर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नकाशीपाड़ा थाना की पहल पर दो सुपारी किलर गिरफ्तार किए गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, नकाशीपाड़ा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुड़ागाछा इलाके में छापा मारी। जब दो संदिग्ध बाइकर्स को रोकने की कोशिश की गई, तो उनमें से एक पुलिस की मौजूदगी भांपकर भागने लगा। हालांकि, पुलिस दूसरे को रंगे हाथों पकड़ने में कामयाब रही। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक 9 एमएम पिस्टल और धारदार हथियार बरामद किए गए। बाद में, उससे पूछताछ के बाद, पाटुली इलाके से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि वे इलाके के किसी व्यक्ति को मारने के लिए सुपारी लेकर इलाके में आए थे।

**NAME CHANGE**

I, Minati Podder, W/o Swapan Kumar Podder, M/o Chandan Poddar, R/o-Vill. & P.O./- Mugkalyan, P.S.-Bagnan, Dist-Howrah, 711312, W.B. mistakenly mentioned D.O.B-01/07/1964 instead of 12/06/1953, changed vide Notary, Howrah Court, Dated:21.11.2025. Minati Podder DOB (01/07/1964 & 12/06/1953) is the same & identical person.

**NAME CHANGE**

I, Swapan Kumar Podder, S/o Chittaranjan Podder F/o Chandan Poddar, R/o-Vill. & P.O./- Mugkalyan, P.S.-Bagnan, Dist-Howrah, 711312, W.B. mistakenly mentioned D.O.B- 01/07/1957 instead of 01/01/1955, changed vide Notary, Howrah Court,Dated: 21.11.2025. Swapan Kumar Podder DOB (01/07/1957 & 01/01/1955) is the same & identical person.

**Name Change**

I, Upendra Rai, S/o Late Lala Rai, resident of Vill- Ramnagar, Vivekananda Park, Post- Raipur, P.S. Maheshtala, Kolkata- 700141, do hereby declare that inadvertantly my name spelling OPENDER RAI has been recorded in my West Bengal Board of Secondary Education Admit card vide Index no. 0114.110, Roll/5641/No. 0112 of 1996-1997 (IX), Mark Sheet, etc, instead of my correct name spelling as UPENDRA RAI. henceforth I shall be known as Upendra Rai in all purpose, vide affidavit no. 58299, sworn before the 1st Class Judicial Magistrate, Alipore Court, on this 01.09.2025. That Upender Rai and OPENDER RAI both are same and one identical person.

## सरकारी अस्पतालों से दो दलाल गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में दलाल गिरोह के शिकायतें मिलने के बाद कोलकाता पुलिस जांच में उतरी और शुक्रवार की रात एसएसकेएम और मेडिकल कॉलेज अस्पताल से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के नाम गोलाम रसूल (45) और सचिन राउत (28) हैं। गोलाम रसूल बीरभूम जिले के मारग्राम के शिलाग्राम का निवासी है, जबकि सचिन राउत कोलकाता में ललित बनर्जी स्ट्रीट पर रहता है। गोलाम को एसएसकेएम अस्पताल और सचिन कोलकाता मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार किया गया। वे दलाल गिरोह से कब से जुड़े थे, वे मरीज के परिवार से पैसे कैसे वसूलते थे, और इस दलाल गिरोह से कौन-कौन जुड़ा है - इसकी जांच की जा रही है। खबर है कि पुलिस गिरफ्तार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी।

# कसबा में होटल के बंद कमरे से मिली व्यवसायी की लाश

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक बार फिर महानगर कोलकाता के एक होटल में एक युवक का शव मिला है। शव कसबा के राजडांगा इलाके में होटल के एक कमरे में मिला। लेकिन युवक की मौत हत्या या खुदकुशी या प्राकृतिक मौत, यह अभी साफ नहीं हुआ है। जैसे ही पुलिस को उक्त घटना की जानकारी मिली घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने होटल परिसर को घेर लिया है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वाड की टीम होटल में पहुंचकर कमरे की बारीकी से जांच की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की रात तीन युवक होटल में ठहरे थे। देर रात दो युवक होटल से बाहर चले गए, जबकि तीसरा व्यक्ति कमरे में ही रहा। शनिवार की दोपहर होटल कर्मियों



ने कमरे से दुर्गंध आने पर दरवाजा खोलकर देखा तो युवक मृत पाया गया। प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृत युवक किसी व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। उसके पास से एक आधार कार्ड बरामद हुआ है, लेकिन यह पुष्टि नहीं हो सकी है कि वह कार्ड मृतक का ही है या नहीं। पुलिस आधार कार्ड की सत्यता और मृतक की पहचान की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस फिलहाल इसे संदिग्ध मौत मानकर सभी पहलुओं से जांच कर रही है। वैसे सूत्रों ने बताया कि पता चला है कि मृत युवक का नाम आदर्श लोसलका है (33) है। वह बीरभूम के दुबराजपुर का रहने वाला था। शुरुआती जांच में पता चला है कि वह युवक एक व्यवसायी था। पुलिस उसकी पहचान पता लगाने के लिए जांच कर रही है। एक आधार कार्ड मिला है, यह चेक किया जा रहा है कि यह मरने वाले का है या नहीं। इस बीच, चेक आउट करने और जाने वालों की तस्वीरें होटल के सीसीटीवी में साफ कैद हो गई हैं। पुलिस का अनुमान है कि अगर वे मिल जाएं तो घटना की गुत्थी सुलझ सकती है।

## न्यूटाउन में सड़क दुर्घटना में सात घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन इलाके में शनिवार की सुबह एक कार दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार विश्व बांग्ला गेट की दिशा से आकांक्षा मोड़ की ओर जा रही थी तभी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गई। बस स्टॉप पर इंतजार कर रहे कुछ लोगों सहित एक बाइक सवार इसकी चपेट में आकर घायल हो गए। इस घटना में एक महिला सहित छह लोग घायल हो गए। लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना में कार चालक भी घायल हुआ, जिसे बाद में पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि कार में चालक अकेला था। यह जांच की जा रही है कि क्या तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, या फिर वाहन में किसी तरह की यांत्रिक खराबी थी।

## एमजी रोड मेट्रो स्टेशन पर व्यक्ति ने आत्महत्या का प्रयास किया, सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** एमजी रोड मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति के कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास करने के बाद शनिवार की दोपहर कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर सेवाएं प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति दोपहर 3:30 बजे के आसपास कथित तौर पर पटरी पर कूद गया। उसकी उम्र करीब 40 वर्ष है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के परिणामस्वरूप मैदान और दमदम स्टेशनों के बीच रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। कोलकाता मेट्रो के प्रवक्ता ने बताया कि शाम 4:13 बजे पूरे मार्ग पर सेवाएं पूरी तरह से बहाल हो गईं। आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यक्ति को पास के अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। बता दें कि ब्लू लाइन पर पिछले तीन दिनों में इस तरह की यह दूसरी घटना है।

## माटिया में धान के खेत में मिला महिला का रक्तरंजित शव



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना ज़िले के माटिया थानांतर्गत सांगबेड़िया इलाके में शनिवार की सुबह एक धान के खेत से एक महिला का रक्तरंजित शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बसीरहाट महकमा अस्पताल भेज दिया। स्थानीय किसानों ने सुबह खेत में काम करने के दौरान महिला का खून से लथपथ शव देखा। तुरंत इसकी खबर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके को सील कर दिया और जांच शुरू कर दी। शव के पास से कपड़ों की एक पोटली और एक बैग भी मिला है, लेकिन बैग से उसकी पहचान से जुड़ी कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस बरामद सामानों की जांच में जुटी है। साथ ही, महिला की तस्वीर आसपास के थानों में भेजी गई है ताकि उसकी पहचान की जा सके। माटिया थाना प्रभारी विश्वजीत सांपुई ने बताया कि एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। महिला के शरीर और गर्दन पर कई चोटों के निशान हैं। यह स्पष्ट है कि मामला संदिग्ध है। जांच हर दिशा में की जा रही है।

## गंगासागर में लॉरी और बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के गंगासागर कोस्टल थाना अंतर्गत मिशन रोड पर लॉरी और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि इस घटना मे दो अन्य घायल हो गए। मृतक और घायल बाइक सवार थे। हादसे के बाद, स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत सागर ग्रामीण अस्पताल ले गए। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया और बाकी दो युवकों को गंभीर रूप से घायल हालत में रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान समीर डिंडा के रूप में हुई है। वह सागर के पुरुषोत्तमपुर का निवासी था। जबकि, घायलों के नाम अमित संतरा और विकास मैती हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।




स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक की गति काफी तेज थी। एक बाइक पर तीन सवार थे और उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। तेज स्पीड के कारण ड्राइवर ने बाइक पर से कंट्रोल खो दिया। हालांकि, पुलिस यह भी देख रही है कि लॉरी गलत लेन में तो नहीं चल रही थी। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस लॉरी ड्राइवर की तलाश कर रही है। जानलेवा लॉरी को जब्त कर लिया गया है। मृतक युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया जाएगा।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# पुलिस अधिकारी के क्वार्टर से पैसे चोरी के आरोप में युवक से मारपीट, विरोध में सड़क जाम

## पुलिस ने की लाठीचार्ज, भाजपा नेताओं सहित 12 गिरफ्तार

**बांकुड़ा :** जिले के रानीबांध थाना इलाके में एक पुलिस अधिकारी द्वारा चोरी के शक में एक युवक को पीटने का आरोप सामने आया है। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शनिवार को सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस ने भाजपा के दो जिला सचिव, मंडल पदाधिकारी सहित कुल 12 लोगों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक सुजल साहिस पुलिस अधिकारियों के क्वार्टर की सफाई का काम करता है। वह रानीबांध थाने के एसआई शुभम राय के क्वार्टर में भी काम करता था। दो दिन पहले एसआई के कमरे से नकद रकम गायब होने की जानकारी मिली, जिसके बाद चोरी का शक सुजल पर जताया गया। आरोप है कि शुक्रवार को एसआई शुभम राय ने सुजल को बुलाकर पहले डांटा और फिर उसे 12 माइल के जंगल में ले जाकर बेल्ट से बुरी तरह पीटा।



सुजल ने बताया कि वह बार-बार अपनी बेगुनाही की बात कहता रहा, लेकिन इसके बावजूद उसे घूंसे, थप्पड़ और बेल्ट से मारते रहे। घायल हालत में घर लौटने पर उसने अपने परिजनों और स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शुक्रवार रात ही आक्रोशित लोग रानीबांध मोड़ पर खटरा-झिलिमिली राज्य सड़क को जाम कर विरोध में उतर आए। शनिवार की दोपहर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क रोककर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। स्थिति नियंत्रण से बाहर होती देख पुलिस ने लाठीचार्ज किया और कई भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को मौके से उठाया। कुल 12 लोगों को हिरासत में लेने की पुष्टि पुलिस ने की है। सुजल ने एसआई शुभम राय के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। रानीबांध थाने के एक अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, जिन अधिकारी पर मारपीट का आरोप है, उन्होंने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि आरोपित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि शिकायत की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## बांकुड़ा में मेस से इंजीनियरिंग छात्र का झूलता शव बरामद

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा सदर थाना अंतर्गत कालपाथर इलाके में एक इंजीनियरिंग छात्र का झूलता शव उसके मेस रूम से बरामद किया गया। मृतक की पहचान राहुल माजी के रूप में की गई है। वह आसनसोल के कुल्टी इलाके का निवासी था। वह जिले के सरकारी पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज में थर्ड ईयर का छात्र था। यह घटना किस वजह से हुई? हत्या या आत्महत्या? यह सवाल भी उठ रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि वह सरकारी पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिले के बाद से ही मेस रूम में रह रहा था। गत शुक्रवार को उसका एग्जाम था। दूसरे लोग बिष्णुपुर के एक सेंटर पर एग्जाम देने गए थे। लेकिन, बताया जा रहा है कि राहुल एग्जाम देने नहीं गया। बताया जा रहा है कि राहुल पूरे मेस में अकेला था। दोपहर बाद दूसरे स्टूडेंट्स मेस रूम में लौट आए। देखा गया कि स्टूडेंट का कमरा बंद था। उसने कॉल का जवाब नहीं दिया। बाद में, जब स्टूडेंट्स ने खिड़की खोली तो वे चौंक गए। देखा कि राहुल घर के अंदर छत से लटका हुआ था। इसकी जानकारी बांकुड़ा सदर थाने को दी गई। पुलिस ने जाकर बॉडी को बरामद किया और ऑटोप्सी के लिए भेज दिया। घर पर जानकारी दी गई। राहुल के घरवाले उसी रात हॉस्पिटल गए। क्या स्टूडेंट ने सुसाइड किया? या यह कोई और घटना है? राहुल के परिवार ने इस रहस्यमयी मौत की पूरी जांच की मांग की है। लेकिन राहुल कल एग्जाम देने क्यों नहीं गया? इस बात का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## सुंदरवन की महिला मत्स्यजीवियों को सशक्त बनाने हेतु आईसीएआर-सिफरी का सम्मेलन 3.0 महत्वपूर्ण पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व मत्स्य दिवस के अवसर पर आईसीएआर-सेंट्रल इनलैंड फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईसीएआर-सिफरी), बैरकपुर द्वारा शनिवार को सुंदरवन के कुलतली में 'महिला मत्स्यजीवी सम्मेलन 3.0' आयोजित किया गया। कुलतली मिलनतीर्थ सोसाइटी के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में सुंदरवन की महिला मत्स्यजीवियों की भूमिका और जलवायु जोखिमों के बीच उनकी आजीविका को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आईसीएआर के उप महानिदेशक (मत्स्य विज्ञान) डॉ. जॉयकृष्ण जेना और उप महानिदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. राजबीर सिंह ने किया। अपने संबोधन में डॉ. जेना ने कहा कि सुंदरवन की महिलाओं के लिए मत्स्य पालन जीवन और आजीविका दोनों का आधार है।




उन्होंने भरोसा दिलाया कि मत्स्य क्षेत्र में वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार हर समुदाय तक पहुँचाए जाएंगे। वहीं, डॉ. राजबीर सिंह ने कहा कि नीली अर्थव्यवस्था से महिलाओं के लिए मत्स्य पालन, प्रसंस्करण तथा विपणन में नए रोज़गार अवसर बढ़ रहे हैं। आईसीएआर-सिफरी के निदेशक डॉ. बी.के. दास ने बताया कि संस्थान ने बीते वर्षों में गोसाबा, हिंगलगंज, नामखाना, काकद्वीप और कुलतली क्षेत्रों में बैकयार्ड मत्स्य पालन और शोभाकार मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देकर कई परिवारों की आय बढ़ाने में मदद की है। कार्यक्रम के दौरान 600 एससी एवं एसटी महिला मत्स्य किसानों को मछली बीज और फीड वितरित की गई तथा वैज्ञानिकों ने व्यक्तिगत तकनीकी परामर्श दिया। लगातार आपदाओं से जूझते सुंदरवन में यह पहल आजीविका की सुरक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कार्यक्रम में लगभग 4,500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और संस्थागत समर्थन जारी रखने का आश्वासन दिया गया।

## एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने पृथ्वी 2.0 साइंस फेस्ट में युवा नवाचार जगाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने अनुभव-आधारित शिक्षा को नया आयाम देते हुए इंटर-स्कूल साइंस फेस्ट पृथ्वी 2.0 का सफल आयोजन किया। पूरे कैंपस को एक जीवंत विज्ञान-केंद्र में रूपांतरित करते हुए छात्रों ने नवाचार और सतत विकास की अवधारणाओं पर आधारित मॉडल, लाइव एक्सपेरिमेंट और इंटरैक्टिव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबुल सुप्रियो, मिनिस्टर ऑफ इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड एलेक्ट्रॉनिकस ऑफ वेस्ट बेंगल, तथा शशांक द्विवेदी, एडिशनल सीजीएसटी कमिशनर, की उपस्थिति में हुआ। टेक्नो इंडिया ग्रुप की सह-अध्यक्ष को-चेयरपर्सन मानोशी रॉयचौधरी और बीडी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल की डिरेक्टर डॉ. सुमन सूद भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम



का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा, सृजनशीलता और वैज्ञानिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में सरदारमल कांकरिया, अध्यक्ष श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। साथ ही सभा के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति पन्नालाल कोचर, विनोद मिनी, ललित कांकरिया, प्रदीप पटवा, अशोक मिनी, शशि कांकड़िया, सोनल चोराड़िया, कुसुम पटवा और अमन कोठारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की भव्यता को और बढ़ाया। अकादमी की प्राचार्या डॉ. जयीता गांगुली ने कहा, छात्रों को नए विचारों पर काम करते और वास्तविक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करते देखना अनुभवाधारित शिक्षा की सार्थकता को साबित करता है। पृथ्वी 2.0 ने यह दिखाया कि हर बच्चे में नवाचार की एक चिंगारी होती है, बस उसे दिशा देने की आवश्यकता होती है। एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी के सचिव जयहदीप पटवा ने कहा, इस आयोजन ने सिद्ध किया कि सीखने की प्रक्रिया जिज्ञासा और वास्तविक दुनिया की समझ पर आधारित होनी चाहिए। शिक्षा को विकसित होते समय और परिवेश के अनुरूप आगे बढ़ने की आवश्यकता है। श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा की प्रमुख पहल के अंतर्गत आयोजित पृथ्वी 2.0 में कई प्रतिष्ठित स्कूलों की प्रतिभागिता रही।

## निवेशक शिक्षा और समावेशन को बढ़ावा देने हेतु सीडीएसएल ने छात्रों के लिए आइडियाथॉन किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी और 16.7 करोड़ से अधिक डीमैट खातों का प्रबंधन करने वाली सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ने छात्रों के लिए अपने पहले आइडियाथॉन की शुरुआत की है। 'रीइमेजिन आइडियाथॉन' को सीडीएसएल के वार्षिक रीइमेजिन सिम्पोजियम के तीसरे संस्करण के तहत लॉन्च किया गया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को ऐसे नवोन्मेषी समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करना है, जो निवेशक शिक्षा और बाजार सहभागिता को व्यापक, जिम्मेदार और समावेशी बना सकें। सीडीएसएल का मानना है कि प्रतिभूति बाजार में भागीदारी बढ़ाने और नागरिकों को वित्तीय विकास में शामिल करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। प्रतिभागियों को गेमीफिकेशन, तकनीक, व्यवहारिक प्रोत्साहन और डिजाइन जैसे विभिन्न नवाचार तरीकों के उपयोग की स्वतंत्रता दी गई है, बशर्ते उनके समाधान सशक्तिकरण, समावेशन और विश्वास के सिद्धांतों पर आधारित हों। सीडीएसएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ नेहल वोरा ने कहा कि यह आइडियाथॉन एक आत्मनिर्भर और शिक्षित निवेशक आधार तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रतियोगिता के विजेताओं को कुल 11.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

## सियालदह मंडल में मेंटेनेंस कार्य के चलते ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल में निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के चलते 24 नवंबर की रात 11:45 बजे से 25 नवंबर की सुबह 3:30 बजे तक सियालदह और विधाननगर रोड स्टेशन के बीच ब्रिज संख्या 01 पर लाइन नंबर 05 में 225 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस दौरान कुछ ट्रेनों को रद्द करने और कुछ के संचालन में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 32249 सियालदह-डानकुनी, 32252 डानकुनी-सियालदह, 31447 सियालदह-नैहाटी और 31450 नैहाटी-सियालदह लोकल ट्रेनों का संचालन 24 नवंबर को रद्द रहेगा। इसके साथ ही, 31542 शांतीपुर-सियालदह लोकल 24 नवंबर को बैरकपुर में ही समाप्त होगी, जबकि 31511 सियालदह-शांतिपुर लोकल 25 नवंबर को बैरकपुर से ही अपनी यात्रा शुरू करेगी। इसी क्रम में, 53171 सियालदह-लालगोला पैसेंजर 25 नवंबर को अपने निर्धारित समय 03:45 बजे के बजाय सुबह 04:15 बजे सियालदह स्टेशन से प्रस्थान करेगी। इस अवधि के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों से रेलवे ने अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेन समय सारणी की अद्यतन जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें और रेलवे के साथ सहयोग बनाए रखें, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

## रेलवे ने 2025-26 में 19 नवंबर तक एक अरब टन माल ढुलाई का आंकड़ा पार किया

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** रेलवे का माल ढुलाई प्रदर्शन भारत की आर्थिक रीढ़ को लगातार मजबूत कर रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 19 नवंबर तक कुल माल ढुलाई ने एक अरब टन का आंकड़ा



पार कर लिया है। रेल मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इस दौरान कुल माल ढुलाई 102 करोड़ टन से अधिक रही। बयान में कहा गया, यह उपलब्धि प्रमुख क्षेत्रों से व्यापक समर्थन को दर्शाती है। कोयला सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा, जिसकी मात्रा 50.5 करोड़ टन है। इसके बाद लौह अयस्क 11.5 करोड़ टन, सीमेंट 9.2 करोड़ टन, कंटेनर व्यापार 5.9 करोड़ टन, कच्चा लोहा और तैयार इस्पात 4.7 करोड़ टन, उर्वरक 4.2 करोड़ टन, खनिज तेल 3.2 करोड़ टन, खाद्यान्न तीन करोड़ टन, इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चा माल लगभग दो करोड़ टन और अन्य माल 7.4 करोड़ टन रहा। बयान में कहा गया कि दैनिक माल ढुलाई लगभग 44 लाख टन पर मजबूत बनी हुई है, जो पिछले वर्ष के 42 लाख टन से अधिक है, और यह बेहतर संचालन दक्षता और लगातार मांग को दर्शाता है।

## वर्कप्लेस हेल्थ 2030: गॉदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप वैश्विक समिट की मेजबानी करेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप, द कोलकाता, ग्लोबल सेंटर फॉर हेल्दी वर्कप्लेसेज (जीसीएचडब्ल्यू) और अरोग्या वर्ल्ड के साथ मिलकर 20-21 नवंबर 2025 को गॉदरेज वन, मुंबई में ग्लोबल समिट 2025 और 14वीं हेल्दी वर्कप्लेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। वर्कप्लेस हेल्थ 2030: वेलनेस से वाइटैलिटी विषय पर आधारित यह समिट भविष्य के स्वास्थ्य-प्रथम कार्यस्थलों पर केंद्रित होगा। ग्रुप हेड, कॉर्पोरेट सर्विसेज अजय भट्ट ने कहा कि कर्मचारी कल्याण अब व्यावसायिक स्थिरता का मुख्य स्तंभ है। दो दिवसीय आयोजन में डॉ. रति गॉदरेज, बन्माली अग्रवाला, सुमित मित्रा, और आईकेआईजीएआई लेखक हेक्टर गार्सिया अपने विचार साझा करेंगे।

## फ्लिपकार्ट ने 1,000 रुपये से कम उत्पादों के लिए जीरो कमीशन मॉडल किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लिपकार्ट ने 1,000 रुपये से कम कीमत वाले उत्पादों के लिए जीरो कमीशन मॉडल लॉन्च किया है, जिससे छोटे और मध्यम विक्रेताओं को ई-कॉमर्स पर लागत घटाकर व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी के अनुसार, नए रेट कार्ड और रिटर्न फीस में कटौती से इस श्रेणी के उत्पाद बेचने वाले सेलर्स की लागत लगभग 30 प्रतिशत तक कम होगी। फ्लिपकार्ट के हाइपरवैल्यू प्लेटफॉर्म शॉप्सी पर सभी उत्पादों पर जीरो कमीशन लागू कर दिया गया है, जिससे ग्राहकों के लिए अधिक किफायती विकल्प उपलब्ध होंगे। फ्लिपकार्ट का कहना है कि एआई-संचालित लॉजिस्टिक्स और मजबूत सप्लाई चेन सेलर्स को भरोसेमंद डिलीवरी और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर पहुंच प्रदान करेगी। कंपनी वेबिनार, संचार चैनल और सपोर्ट सेवाओं के जरिए विक्रेताओं को मार्गदर्शन भी दे रही है। फ्लिपकार्ट के मार्केटप्लेस हेड साकेत चौधरी ने कहा कि यह कदम एमएसएमई को सशक्त बनाते हुए ई-कॉमर्स को और समावेशी तथा विकासोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## एएससीआई ने लॉन्च की कमिटमेंट सील, जिम्मेदार विज्ञापन और उपभोक्ता भरोसा बढ़ाने की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने अपने सदस्य संगठनों के लिए 'एएससीआई कमिटमेंट सील' की शुरुआत की है, जो पारदर्शिता, निष्पक्षता और प्रामाणिक संचार के उच्च मानकों को बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ब्रांड्स इस सील को अपनी वेबसाइट, डिजिटल प्लेटफॉर्म और विज्ञापन अभियानों पर प्रदर्शित कर उपभोक्ताओं को यह संदेश दे सकेंगे कि वे ईमानदार और जवाबदेह विज्ञापन के प्रति समर्पित हैं। एएससीआई का मानना है कि यह सील उपभोक्ताओं के विश्वास को मजबूत करेगी और उद्योग में नैतिक विज्ञापन को प्रोत्साहित करेगी, विशेष रूप से डिजिटल युग में जहां भ्रामक सामग्री तेजी से फैलती है। संस्था ने स्पष्ट किया कि यह सील किसी विशेष विज्ञापन का अनुमोदन नहीं है, बल्कि जिम्मेदार विज्ञापन प्रथाओं के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता का संकेत है। एएससीआई की सीईओ मनीषा कपूर ने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं और जिम्मेदार विज्ञापनदाताओं के बीच भरोसे का पुल बनाने में मदद करेगी। एएससीआई ने उद्योग में पारदर्शिता और जागरूकता बढ़ाने के अपने प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

## गौड़ीय वैष्णव अभिधान अब ऑनलाइन उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक समय था जब बंगाल में ज्ञान-चर्चा अत्यंत थी। साहित्य, इतिहास और संदर्भ ग्रंथों के साथ-साथ भारतकोश और विश्वकोश जैसी विशाल ज्ञान-परंपराएँ भी विकसित हुई थीं। इसी धारा का एक अपेक्षाकृत अल्प-परिचित लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण कोशग्रंथ है गौड़ीय वैष्णव अभिधान, जिसके संकलक थे हरिदास दास बाबाजी। हरिदास दास बाबाजी, जो प्रारंभिक जीवन में कलकत्ता विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र थे, दो विषयों में एम.ए. तथा दोनों में फर्स्ट क्लास फर्स्ट और गोल्ड मेडलिस्ट रहे। इसके बाद उन्होंने संन्यास ग्रहण कर निष्किंचन वैष्णव बाबाजी का जीवन अपना लिया। लेकिन इससे उनके विद्वत्सेवा के संकल्प में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने अपना पूरा जीवन वैष्णव ग्रंथों के पुनरुद्धार, संग्रह, संकलन, संपादन, अनुवाद और प्रकाशन को समर्पित कर दिया।

## भारत के पहले और सबसे बड़े 3डी कंक्रीट प्रिंटेड मिलट्री इनसीगनिया आर्क का झांसी में हुआ उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हैदराबाद स्थित डीपटेक कंपनी सिंप्लिफोर्ज ने आईआईटी हैदराबाद के सहयोग से देश के पहले और सबसे बड़े मिलट्री इनसाइनिया आर्च का निर्माण किया है। यह भारत की सैन्य विरासत और डिजिटल निर्माण के भविष्य को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल है। भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, शक्ति और अदम्य साहस के प्रतीक बाघ के चेहरे को प्रभावशाली रूप में डिजाइन किया गया है। यह शानदार ढांचा अब झांसी कैंटोनमेंट में शान से खड़ा है। यह अनोखा आर्किटेक्चर सिर्फ एक प्रवेश द्वार ही नहीं है, बल्कि एक संदेश है। 5.7m 3.2m 5.4m माप वाला यह प्रवेश द्वार सिंप्लिफोर्ज की अत्याधुनिक रोबोटिक आर्म-आधारित 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक से बनाया गया है।

## मालदह में भयावह आग में गोदाम समेत पांच घर जलकर राख

**मालदह :** पांच घर सहित एक गोदाम भयावह आग में जलकर राख हो गए हैं। यह घटना शुक्रवार की रात हरिश्चंद्रपुर थाना इलाके के दौलतनगर हाई स्कूल के बगल में घटी है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इलाके के गोबरा मंडी के व्यापारी उस गोदाम में अपना सामान रखते थे। हर दिन की तरह उस गोदाम में शाम का दीया जलाया गया था, जिससे यह आग लगी थी। गोदाम में लगी भयानक आग पास के पांच कच्चे घरों में भी फैल गई। लोगों की चीख-पुकार सुनकर गांव वाले आग बुझाने के लिए दौड़े, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। भयानक आग की तेज लपटों में गोदाम का पूरा सामान जलकर राख हो गया। वहीं, गोदाम से सटे पांच घर भी जलकर राख हो गए। इस बीच आग की खबर मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की मशक्कत में आग पर काबू पा लिया गया।

## कोट्टी का 62वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न, महेंद्र जैन पुनः अध्यक्ष और देवेंद्र बोथरा मंत्री चुने गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) का 62वां वार्षिक अधिवेशन शनिवार को चैंबर सभागार में संपन्न हुआ। अधिवेशन की शुरुआत अध्यक्ष महेंद्र जैन द्वारा सदस्यों का स्वागत करते हुए हुई। संयुक्त मंत्री विजय सिंह जैन (बावलिया) ने पिछली अधिवेशन कार्यवाही का वाचन किया और मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा द्वारा प्रस्तुत 2023-25 सत्र का मंत्री प्रतिवेदन सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का विवरण भी सभा द्वारा पारित किया गया। निर्वाचन मंडल के सदस्यों पूर्व अध्यक्ष मुरारी लाल खेतान, प्रमोद मोदी और विनोद कुमार मिन्नी की देखरेख में 2025-27 सत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। इस सत्र के लिए महेंद्र जैन पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष




बिरम प्रकाश सुल्तानिया, उपाध्यक्ष संजय तोदी, मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा, संयुक्त मंत्री विजय सिंह जैन (बावलिया) एवं आयुष पोद्दार तथा कोषाध्यक्ष अनिल मिहारिया को निर्विरोध चुना गया। साथ ही, कार्यकारिणी में 19 सदस्यों का चयन भी किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष महेंद्र जैन ने संगठन की कार्य-परंपरा को नए विजन के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सदस्यों के हितों की रक्षा, सरकारी विभागों के साथ बेहतर समन्वय, आर्बिट्रेशन और जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसेवा के क्षेत्रों में और अधिक योगदान सुनिश्चित किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिरम प्रकाश सुल्तानिया और मंत्री देवेंद्र बोथरा ने भी संगठन को और मजबूती देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार बिनायकिया समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। अंत में संयुक्त मंत्री आयुष पोद्दार ने सभी के प्रति आभार जताया।

## कोलकाता मेट्रो ब्लू लाइन में उन्नत सब-स्टेशन व आधुनिक वेंटिलेशन सिस्टम से सुविधाएं बढ़ाएगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे कोलकाता यात्री सुविधाओं और सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से ब्लू लाइन में बड़े तकनीकी उन्नयन करने जा रहा है। 41 वर्ष पुराने इस कॉरिडोर की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मेट्रो प्रशासन ने बिजली आपूर्ति प्रणाली, सिग्नलिंग और वेंटिलेशन सिस्टम समेत कई महत्वपूर्ण ढांचों को आधुनिक रूप देने की योजना बनाई है। लक्ष्य है कि भविष्य में ब्लू लाइन पर ट्रेनों का संचालन 90 सेकंड के अंतराल पर किया जा सके, जैसा लंदन और मॉस्को मेट्रो में किया जा रहा है। इस दिशा में ब्लू लाइन में सात नए ट्रैक्शन सब-स्टेशन बनाए जाएंगे। ये स्टेशन कालीघाट, नेताजी भवन, मैदान, एस्प्लानेड, एम.जी. रोड, शोभाबाजार-सुतानुति तथा बेलगछिया और श्यामबाजार के बीच स्थापित होंगे। इसके अतिरिक्त, चांदनी चौक में दो नए ट्रैक्शन सब-



स्टेशन के लिए आदेश जारी किए जा चुके हैं। यात्री आराम और सुरक्षा को देखते हुए सुरंगों और स्टेशनों की कूलिंग प्रणाली भी अपग्रेड की जा रही है। पुराने सिस्टम की जगह अत्याधुनिक टनल वेंटिलेशन सिस्टम और एनवायरनमेंट कंट्रोल सिस्टम लगाए जाएंगे। इसके तहत डायरेक्शनल एक्सियल फैन इंस्टॉल किए जाएंगे, जो 250 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी दो घंटे तक संचालित रह सकेंगे। इस नई तकनीक से धुआं निष्कासन की क्षमता बढ़ेगी, बिजली खर्च में लगभग 11 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत होगी और 12,300 मीट्रिक टन कार्बन फुटप्रिंट में कमी आने की उम्मीद है।

## मनीषिका ने कैंसर रोगी की चिकित्सा में सहयोग दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुष्कर लाल केडिया द्वारा संस्थापित मनीषिका ने चिकित्सा क्षेत्र में परोपकार की भावना से श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में डॉ. अंकित खंडेलवाल द्वारा ओरल कैंसर रोगी महेश अग्रवाल के ऑपरेशन एवं चिकित्सा में सहयोग कर पहल की है। मोहन केडिया ने बताया कि मनीषिका की पहल से दो ओरल कैंसर रोगी की चिकित्सा हो चुकी है एवं एक और रोगी ने चिकित्सा हेतु आवेदन किया है। मनीषिका परोपकार, भारतीय धर्म - संस्कृति से जुड़े साहित्य, सामाजिक सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। किशन चिड़ीमार के पुत्र समाजसेवी अशोक चिड़ीमार के परिवार सदस्यों ने कैंसर रोगी को जीवनदान देने में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल के प्रधान सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल, विभागीय सचिव मनोज



पराशर, राजेन्द्र धनानिया एवं डॉ. अंकित खंडेलवाल ने रोगी को स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना देते हुए मनीषिका के सेवा कार्य की सराहना की। डॉ. अंकित खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान समय में मुंह में ओरल कैंसर के रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ओरल कैंसर से कई वर्षों से जूझ रहे महेश अग्रवाल की आवश्यक चिकित्सा में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति वर्तमान समय में चिकित्सा जारी रखने के अनुकूल नहीं है। सम्पर्क करने पर अशोक चिड़ीमार परिवार एवं मनीषिका ने मदद का हाथ बढ़ा कर पहल की। मनीषिका के अध्यक्ष राजकुमार केडिया, सचिव अमित केडिया, उपाध्यक्ष मनमोहन केडिया, पवन, मोहन, निर्मल केडिया, स्वाति गुप्ता, सचिन अग्रवाल, विनय पाण्डेय एवं मनीषिका परिवार के समस्त सदस्य सेवा कार्यों में सक्रिय हैं।

## आपातकाल में जीवनरक्षक बनेंगे रेल कर्मी : राणाघाट कारशेड में सीपीआर प्रशिक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से 21 नवंबर को राणाघाट कारशेड में रेलवे कर्मचारियों के लिए सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यस्थल पर अचानक उत्पन्न चिकित्सकीय आपात स्थितियों से निपटने और समय पर जीवनरक्षक सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम ने कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता और सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान सियालदह की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कल्पना मंडल ने सीपीआर के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यदि समय रहते सही तरीके से सीपीआर दिया जाए, तो किसी भी व्यक्ति की जान बचाई




जा सकती है। वहीं, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (एच एंड एफडब्ल्यू), सियालदह, डॉ. संजीव चौधरी ने व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण दिया, ताकि कर्मचारी आपात स्थिति में आत्मविश्वास के साथ सही प्रक्रिया अपना सकें। स्वास्थ्य जांच शिविर में बी.आर. सिंह अस्पताल के चिकित्सकों-डॉ. सुरेंद्र बैठा, डॉ. दिपेंदु मजूमदार (राणाघाट), चिकित्सक डॉ. स्वागता सरकार और दंत चिकित्सक डॉ. सौरव सेठ-ने कर्मचारी स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई तथा आवश्यकता अनुसार ईसीजी परीक्षण भी किया गया। इसके अलावा प्रतिभागियों की दंत जांच भी सुनिश्चित की गई। इस प्रशिक्षण अभियान से कुल 95 कर्मचारी लाभान्वित हुए और रेलवे कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने की इस पहल की व्यापक सराहना की गई।

# हावड़ा ग्रामीण पुलिस ने शुरू की 'आश्वास' सेवा, वरिष्ठ नागरिकों को एक फोन पर मिलेगी तत्काल सहायता

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा ग्रामीण पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और आपातकालीन सहायता के लिए नई योजना 'आश्वास' का शुभारंभ किया है। इस सेवा के तहत किसी भी असुविधा या स्वास्थ्य संबंधी समस्या में केवल एक फोन कॉल पर पुलिसकर्मी या सिविक वॉलंटियर सीधे वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंचकर सहायता उपलब्ध कराएंगे। यह पहल बुजुर्ग नागरिकों को चौबीसों घंटे सुरक्षा और सुविधाओं का भरोसा देगी। शनिवार को मुंबई रोड के किनारे एक निजी




इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में हावड़ा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुभिमल पाल ने इस परियोजना की आधिकारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में उलुबेरिया पूर्व के विधायक विदेश बसु, उलुबेड़िया नगरपालिका के चेयरमैन अभय दास, वाइस चेयरमैन इनामुर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जॉर्ज एलन जॉन सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर मौजूद सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को पुलिस की ओर से विशेष हेल्पलाइन नंबर भी प्रदान किया गया। एसपी सुभिमल पाल ने बताया कि पनियाड़ा में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर केंद्रीकृत निगरानी और तत्काल समाधान के लिए अलग विभाग स्थापित किया गया है, जिसमें साइबर क्राइम विभाग के अधिकारी, एसआई और कांस्टेबलों की टीम तैनात रहेगी। इसके साथ ही प्रत्येक ग्रामीण थाने में 'आश्वास' की अलग इकाई बनाई गई है, जो हमेशा सक्रिय रहेगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि चोरी, डकैती जैसे सुरक्षा मामलों के अलावा भी यदि किसी वरिष्ठ नागरिक की अचानक तबीयत बिगड़ जाए या उन्हें अस्पताल ले जाने की आवश्यकता हो, तो 'आश्वास' हेल्पलाइन पर सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत सहायता प्रदान करेगी।

# दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में धनबाद के लाल की फिर गूंजेगी आवाज

## 14 वर्षों तक गणतंत्र दिवस परेड की कमेंट्री कर चुके हैं कर्नल जेके सिंह

**कोलकाता/धनबाद :** झारखंड के धनबाद निवासी और सेना दिवस व गणतंत्र दिवस परेड के हिंदी कमेंटेटर सेवानिवृत्त कर्नल जेके सिंह की दमदार आवाज इस बार भी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को वार्षिक गणतंत्र परेड में गूंजेगी। कड़ी प्रतिस्पर्धा व गहन चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद 2026 के गणतंत्र दिवस परेड की कमेंट्री के लिए सिंह का चयन किया गया है। चयन समिति द्वारा गणतंत्र दिवस परेड के कमेंटेटरों के नामों की सूची जारी कर दी गई है, जिसमें सबसे शीर्ष पर उनका नाम शामिल है। गणतंत्र दिवस परेड की कमेंट्री के लिए आडिशन जुलाई, 2025 के प्रथम सप्ताह में हुआ था, जिसमें पूरे देश के सैन्य वर्ग, पूर्व सैनिक, मीडिया, टेलीविजन व रेडियो संवर्ग के चुनिंदा वक्ताओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया था। बताया गया कि दो दिन तक चली इस आडिशन के बाद वक्ता के हर पहलुओं- उच्चारण, स्पष्ट कहने की क्षमता, सृजनात्मक शक्ति, विचारों को प्रभावशाली तौर पर बोलने की कला, बिना किसी कागज देखे लंबे समय तक बोलने की क्षमता और उसी समय चयन समिति द्वारा दिए गए विषय पर मनमोहक ढंग से बोलने की कला का गहन परीक्षण किया गया। चयन समिति में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के उच्च अधिकारियों के अलावा, भाषा विशेषज्ञ भी शामिल थे।

**❑ पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात**

खास बात यह है कि गहन चयन प्रक्रिया के बाद सर्वाधिक अंक और भारी बढ़त के साथ राष्ट्र में इस विधा



में कर्नल जेके सिंह को वरीयता में सबसे ऊपर रखते हुए लिस्ट जारी की गई। यह न केवल धनबाद बल्कि पूरे झारखण्ड के लिए गौरव की की बात है। कर्नल जेके सिंह को इससे पहले 14 वर्षों तक दिल्ली में राजपथ पर गणतंत्र दिवस की कमेंट्री करने का गौरव हासिल है। इसके अलावा उनकी अन्य उपलब्धियों में उत्तरकाशी में पिछले साल कई दिनों तक सुरंग में फंसे 41 मजदूरों का मनोबल बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय एजेंसी की ओर से कर्नल सिंह द्वारा लिखी गई कविता सुनाया जाना भी शामिल है।

**❑ अमिताभ बच्चन भी हैं कर्नल जेके सिंह की आवाज के मुरीद**

कर्नल जेके सिंह की कड़क व दमदार आवाज के मुरीद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों सहित सदी के महानायक अमिताभ बच्चन तक हैं। कुछ साल पहले अमिताभ बच्चन ने खुद अपने पर्सनल ट्विटर (नया नाम एक्स) हैंडल से कर्नल जेके सिंह की तारीफ़ की थी, जब कर्नल सिंह एक प्रमुख टीवी समाचार चैनल पर तत्कालीन सीडीएस जनरल बिपिन रावत के अंतिम संस्कार के अंतिम मूवमेंट को कवर कर रहे थे।

**❑ बहादुरी के लिए मिल चुका है सम्मान**

कर्नल सिंह को बहादुरी के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुका है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक एंटी टेररिस्ट आपरेशन में हिजबुल मुजाहिदीन के डिस्ट्रिक्ट कमांडर को मार गिराया था। सेना में सेवाकाल के दौरान कर्नल जेके सिंह ने लश्कर-ए-तैयबा के मुजाहिदीन ग्रुप के आइयूएम के डिस्ट्रिक्ट कमांडर समेत 6 टेररिस्ट को भी जिंदा पकड़ा था।

**❑ सरकार द्वारा मिली जमीन तक गरीबों में बांटने के लिए लौटा चुके हैं कर्नल सिंह**

राष्ट्र की सेवा में विशेष सैन्य यो-गदान के लिए कर्नल सिंह को सरकार द्वारा दो एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन धनबाद में आवंटित की गई थी, उसे उन्होंने तीन वर्ष पूर्व गरीबों में बांटने के लिए स्वेच्छा से सरकार को वापस कर दिया था। कर्नल सिंह फिलहाल झारखंड पुलिस के सैप-2 बटालियन के कमांडेंट के रूप में सेवा दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में सैप-2 बटालियन, जिसमें पूर्व सैनिक नक्सल विरोधी अभियान में झारखंड पुलिस में पदस्थापित है। उन्हें झारखंड के रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, दुमका व धनबाद में बाल सुधार गृह व विशेष गृह की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी भी दी गई है। कर्नल सिंह और जांबाज पूर्व सैनिकों ने आंतरिक सुरक्षा तक सीमित न रहकर पूरे जोर शोर से बाल सुधार गृह के बच्चों के शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक व शैक्षिक प्रशिक्षण का जिम्मा भी अपने हाथों में लिया।

# गुड़ाप में भीषण सड़क हादसा, कई यात्री घायल, ट्रक चालक की हालत नाजुक



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के गुड़ाप थाना क्षेत्र के दुर्गापुर एक्सप्रेसवे के मजीनान इलाके में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों व पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोलकाता से बर्दवान जा रही यात्रियों से भरी एक बस को पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही गुड़ाप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत नज़दीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। वहीं, ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने बस और ट्रक दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अपराध की साजिश नाकाम 4 गिरफ्तार, घातक हथियार बरामद

**हुगली, समाज्ञा :** ग्रामीण पुलिस के तहत हरिपाल थाने की तत्परता से शुक्रवार की देर रात एक बड़ी आपराधिक साजिश नाकाम हो गई। हरिपाल थाने के पीएसआई आकाश दोलुई को विश्वसनीय सूत्रों से खबर मिली कि गाजीपुर क्षेत्र के तरुण संघ क्लब मैदान के पास लगभग 9 से 10 लोग घातक हथियारों के साथ जमा हुए हैं और किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत मामले की जानकारी हरिपाल थाने के ओसी को दी। निर्देशानुसार पुलिस बल के साथ वह घटनास्थल की ओर रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने देखा कि कुछ लोग अंधेरे में बैठकर आपस में




फुसफुसा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन रोशनी और अंधेरे के बीच का फायदा उठाकर कई आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने पीछा कर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सुशील मालिक, कानू दास, गज पासवान और जुगनू भाट है यह सभी हरिपाल और तारकेश्वर के निवासी बताये जा रहे है। बदमाशों के पास से 1 भुजाली, 1 लोहे का हथौड़ा, साइकिल की कटिंग चेन, लोहे की रॉड इत्यादि बरामद किये गए है। घटनास्थल से ही सभी हथियार जब्त कर लिए गए और चारों को कानूनी प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया।

# बीएसएफ की बड़ी कामयाबी : 8.59 करोड़ की ड्रग्स जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मिजोरम और त्रिपुरा में चलाए गए संयुक्त अभियानों में नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप जब्त करते हुए ड्रग तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। बीएसएफ, मिजोरम के आबकारी एवं नारकोटिक्स विभाग तथा फ्रंटियर त्रिपुरा की संयुक्त कार्रवाई के दौरान हेरोइन और मेथामफेटामीन/याबा टैबलेट सहित कुल 8.59 करोड़ की कीमत का मादक पदार्थ पकड़ा गया। इन अभियानों में 2 म्यांमार और 2 भारतीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि कुछ मामले में आरोपी फरार होने में सफल रहे। पहली कार्रवाई 19 नवंबर को इंडो-बांग्लादेश सीमा पर गोकुलनगर सेक्टर के रबर बागान क्षेत्र में की गई, जहां संदिग्ध



गतिविधि का पता लगते ही जवानों ने तलाशी ली। इस दौरान 30,000 याबा टैबलेट (3 किलो) बरामद की गईं, जिनकी कीमत लगभग 3 करोड़ बताई गई है। 20 नवंबर को फिर खुफिया जानकारी के आधार पर उसी क्षेत्र में एक और अभियान चलाया गया, जिसमें 1 किलो याबा टैबलेट (50 पैकेट) बरामद हुईं। इस खेप की अनुमानित कीमत 80 लाख है। तीसरी बड़ी कार्रवाई 21-22 नवंबर को मिजोरम के सेलिंग-तुइरियल मार्ग पर की गई, जहां संदिग्ध वाहन और एक मकान की तलाशी में 5.89 किलोग्राम मेथामफेटामीन और 41 ग्राम हेरोइन पकड़ी गई। पकड़े गए चारों तस्करों को आबकारी एवं नारकोटिक्स विभाग, आइजोल ने हिरासत में ले लिया है। इस खेप की कीमत 4.79 करोड़ आंकी गई है।

# पैसों की हेराफेरी के आरोप में पेट्रोल पंप का मैनेजर गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** ग्रामीण पुलिस के तारकेश्वर थाने ने लाखों रुपये की कथित हेराफेरी के आरोप में एक पेट्रोल पंप का मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तारकेश्वर थानांतर्गत नैटा माल पहाड़पुर पंचायत के गोबरहाड़ा इलाके में एक पेट्रोल पंप है, जिसका मालिक काजल टुडू हैं। इसी पंप में मैनेजर के रूप में स्थानीय निवासी राजेश हाइत कार्यरत थे। पंप के वार्षिक हिसाब-किताब में लाखों रुपये का घोटाला सामने आने के बाद 29 सितंबर को तारकेश्वर थाने में राजेश हाइत के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद से ही राजेश फरार था। गुप्त सूचना के आधार पर तारकेश्वर थाने के जांच अधिकारी तुषार मंडल व उनकी टीम ने शुक्रवार की देर रात छापेमारी कर आरोपी राजेश हाइत को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रिमांड की अर्जी के साथ चंदननगर अदालत में पेश किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# बहरामपुर में एक करोड़ की नशीली दवा जब्त, दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरामपुर थाना इलाके में बुधवार देर रात स्पेशल टास्क फोर्स ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किए। जलांगी रोड के पास पुराना चेकपोस्ट मोड़ इलाके में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, और एसटीफ टीम ने दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान एसटीफ ने 1.25 किलो से अधिक याबा टैबलेट बरामद किए, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत एक करोड़ रुपये से भी अधिक बताई जा रही है। इसके अलावा, कुछ अन्य संदिग्ध नशीले पदार्थ भी मिले हैं। अधिकारियों के अनुसार, पकड़ी गई मात्रा बेहद बड़ी है और यह किसी



बड़े सप्लाई नेटवर्क का हिस्सा लगती है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान लालचंद शेख (31) और निजाम शेख (30) के रूप में हुई है। दोनों मुर्शिदाबाद जिले के सागरपाड़ा इलाके के रहने वाले हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपित मणिपुर से पश्चिम बंगाल तक याबा टैबलेट की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े हुए हैं। वे इस खेप को राज्य में सप्लाई करने की कोशिश में थे। एसटीफ अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है। घटना के संबंध में बहरामपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह गिरफ्तारी राज्य में सक्रिय ड्रग रैकेट पर एक बड़ा प्रहार है और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# मामी को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोप में कलयुगी भांजा गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के केशियाड़ी थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना में पुलिस ने मामी को अपहरण और उसके साथ जबरदस्ती सहवास के आरोप में उसके भांजे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित को शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर शनिवार को खड़गपुर कोर्ट में पेश किया गया। न्यायाधीश ने आरोपित को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से आरोपित नियमित रूप से महिला के घर आता-जाता था। महिला ने बताया कि इसी दौरान युवक उसके साथ परेशान करता था और उसे उसके साथ भागने के लिए प्रोत्साहित करता था। शिकायत में महिला ने कहा कि 14 नवंबर को उसके पति घर पर नहीं थे और आरोपित महिला को उसके घर से लेकर पूर्व मेदिनीपुर के हल्दिया में पिताम्बरचक के एक किराए के घर में ले गया। महिला ने आरोप लगाया कि वहां रहते हुए आरोपित ने उसकी मर्जी के बिना कई बार उसके साथ सहवास किया। महिला के साथ उस समय उसके दो बच्चे भी मौजूद थे। घटना की जानकारी मिलने पर महिला के पति मौके पर पहुंचे और पत्नी व बच्चों को घर वापस लाए। इसके बाद, गत 21 नवंबर को महिला ने आरोपित के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। आरोपित ने मीडिया से कहा कि उसके और महिला के बीच लंबे समय से संबंध थे और महिला ही उसे बुलाती थी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें फंसाया जा रहा है।

# पिंगला में बस व बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के पिंगला थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पाशकुड़ा थाना क्षेत्र के असादुल और हारुइरे के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक से पिंगला की दिशा से मुंडूमारी की ओर आ रहे थे, तभी मुंडूमारी बाजार के पास एक यात्री बस से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाजार के बीच अचानक जोरदार टक्कर हुई, जिसके बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर बुरी तरह गिर पड़े। आवाज सुनकर स्थानीय लोग दुकानों और बाजार से दौड़कर मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तुरंत पिंगला ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें




मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पिंगला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बस को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि बस चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसके तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा गति नियंत्रण में कमी के कारण हुआ या किसी अन्य वजह से यह पता लगाने के लिए बाजार क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## विदेश की खबरें

# प्रधानमंत्री मोदी ने जोहानिसबर्ग में जी-20 के इतर वैश्विक नेताओं से मुलाकात की

**जोहानिसबर्ग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दुनिया के कई नेताओं के साथ अलग-अलग मुद्दों पर बातचीत की और कहा कि उन्होंने ''वैश्विक तरक्की और खुशहाली के लिए साझा प्रतिबद्धता'' को दोहराया। मोदी ने दक्षिण अफ्रीका में जी20 नेत-ाओं के शिखर सम्मेलन के इतर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जोहानिसबर्ग में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से मिलना



बहुत अच्छा रहा। इस साल भारत-ब्रिटेन भागीदारी में नयी ऊर्जा आई है और हम इसे कई क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे। मोदी ने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया द्विपक्षीय सहयोग को विविध क्षेत्रों में प्रगाढ़ करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर खुश हुए, जिनके साथ उनकी अलग-अलग मुद्दों पर अच्छी बातचीत हुई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ''भारत-फ्रांस के रिश्ते दुनिया की भलाई के लिए एक ताकत बने हुए हैं!'' प्रधानमंत्री की कोरियाई नेता ली जे-म्युंग से भी मुलाकात हुई। इस साल म्युंग से उनकी यह दूसरी मुलाकात थी। मोदी ने कहा कि यह बातचीत हमारी विशेष रणनीतिक भागीदारी में मज़बूत रफ़्तार का संकेत है। हमने अपने आर्थिक और निवेश जुड़ाव को और गहरा करने के लिए दृष्टिकोण साझा किए। ब्राज़ील के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मोदी ने कहा, भारत और ब्राजील अपने लोगों के फ़ायदे के लिए कारोबार और सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस के साथ उनकी बहुत सार्थक बातचीत हुई। सम्मेलन के मुख्य सत्र से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी समेत कई दूसरे नेताओं से भी बातचीत की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के साथ प्रौद्योगिकी और नवाचार साझेदारी की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के साथ बैठक के बाद एक नयी त्रिपक्षीय प्रौद्योगिकी और नवाचार साझेदारी की घोषणा की। मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा, ''हमें आज ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसीआईटीआई) साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है।'' उन्होंने कहा, ''यह पहल उभरती प्रौद्योगिकियों में तीन महाद्वीपों और तीन महासागरों में फैले लोकतांत्रिक साझेदारों के बीच सहयोग को और प्रगाढ़ करेगी, साथ ही आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता, स्वच्छ ऊर्जा और कृत्रिम मेधा (एआई) के व्यापक उपयोग में मददगार साबित होगी।''

### बांग्लादेश की राजधानी ढाका में 3.3 तीव्रता का भूकंप आया

**ढाका :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के निकट एक उपनगर में शनिवार को 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। ढाका के बाहरी इलाके सावर के अशुलिया में आये इस भूकंप से पहले शुक्रवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया था। शुक्रवार को आए भूकंप ने ढाका और देश के कई हिस्सों को हिलाकर रख दिया था। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) न्यूज ने बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग (बीएमडी) के हवाले से कहा कि भूकंप पूर्वाह्न लगभग 10:36 बजे आया और इसका केंद्र ढाका के अगरगांव में बीएमडी भूकंपीय केंद्र से 29 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में बैपाय्ल था। शुक्रवार को आए भूकंप में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी तथा सौ से अधिक घायल हो गए।

# ब्रिटेन ने 200 साल पुराने हिंदू चित्रों की अनूठी श्रृंखला के निर्यात पर रोक लगाई

**लंदन :** ब्रिटेन सरकार ने इस सप्ताह 200 वर्ष पुराने उन रंगीन और अनूठे चित्रों की एक श्रृंखला के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण आख्यानों में से एक को दर्शाते हैं। देवी मां की उत्पत्ति और विजय को दर्शाने वाले 56 चित्रों की एक श्रृंखला को रखने के लिए एक खरीदार की तलाश की जा रही है। इन चित्रों का मूल्य लगभग 2,80,000 पाउंड है। इस अनूठी श्रृंखला में, 56 चित्रों में सोने और चांदी के रंग का उपयोग किया गया है। ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री बैरोनेस फियोना ट्विक्रॉस ने कहा, ''यह श्रृंखला न केवल सुंदर है, बल्कि ब्रिटेन में अद्वितीय है।'' उन्होंने कहा, ''क्योंकि हमारे देश में इस तरह की



कोई अन्य लगभग पूर्ण कथा मौजूद नहीं है, इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम इस श्रृंखला को ब्रिटेन में ही रखने का अवसर लें और शोधकर्ताओं को इसके रहस्यों को उजागर करने के लिए महत्वपूर्ण समय दें।'' यह श्रृंखला लगभग पूरी तरह से अक्षुण्ण है, जिसमें मूल 59 चित्रों में से 56 पृष्ठ हैं, तथा आवरण पृष्ठ पर संस्कृत और हिन्दी में शिलालेख हैं, जिनमें अलग-अलग चित्रों के विषयों का वर्णन है।

# भारतीय मूल के प्रौद्योगिकी निवेशक सुमित बनर्जी ने बीबीसी के बोर्ड सदस्य पद से इस्तीफा दिया

**लंदन :** भारतीय मूल के प्रौद्योगिकी निवेशक सुमित बनर्जी ने ब्रिटेन के सार्वजनिक प्रसारणकर्ता के शीर्ष स्तर पर कामकाज संबंधी मुद्दों को लेकर बीबीसी के गैर कार्यकारी बोर्ड सदस्य के तौर पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बनर्जी का शुक्रवार को इस्तीफा ऐसे समय में आया, जब बीबीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2021 के भाषण को एक वृत्तचित्र के लिए संपादित करने को लेकर विवाद गहरा गया है। इस वजह से इसके शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है और बोर्ड के अध्यक्ष समीर शाह ने माफी मांगी है। अपने इस्तीफ़े में बनर्जी ने कहा कि महानिदेशक टिम डेवी और समाचार प्रमुख डेबोरा टर्नेस के पद छोड़ने से पहले की घटनाओं के बारे में उनसे सलाह नहीं ली गई। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग



कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने शुक्रवार रात एक बयान में कहा, सुमित बनर्जी ने आज बीबीसी बोर्ड को अपने इस्तीफे की जानकारी दी। बीबीसी के बयान में कहा गया, बोर्ड में गैर कार्यकारी निदेशक के तौर पर बनर्जी का कार्यकाल दिसंबर के आखिर में खत्म होने वाला था और हम उनकी सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। उनकी जगह किसी और को लाने का काम पहले से ही चल रहा है और हम सही समय पर और जानकारी देंगे।

### सऊदी अरब में बस हादसे में मारे गए भारतीय जायरीनों का मदीना में अंतिम संस्कार

**जेद्दा :** सऊदी अरब में बस हादसे में मारे गए 44 भारतीय जायरीनों का शनिवार को मदीना में अंतिम संस्कार किया गया। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी है। गत सोमवार को मदीना के पास एक बस और ईंधन टैंकर के बीच हुई टक्कर में 44 भारतीय जायरीनों की मौत हो गई थी, जिनमें से 42 तेलंगाना के थे। भारतीय दूतावास ने बताया कि आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने मदीना में मस्जिद-ए-नबवी में जनाजे की नमाज में हिस्सा लिया। उसने बताया कि हादसे में मारे गए सभी भारतीय जायरीनों को मदीना स्थित जन्नत उल बकी के कब्रिस्तान में दफनाया गया।

# राजगीर की मनभावन यात्रा

चंद्रशेखर आजाद

सैंकड़ों वर्षों तक मगध साम्राज्य की राजधानी का ताज पहनने वाला विभिन्न नामों (वसुमति, बृहदपुर, गिरिव्रज, राजगृह इत्यादि) से मशहूर राजगीर आज कई वर्षों से पर्यटकों के मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। राजगीर जरासंध, अजातशत्रु और बिंबिसार जैसे राजाओं की राजधानी रहा है।

राजगीर के बारे में मजेदार बात यह है कि यह लगभग सभी प्रमुख धर्मों का मुख्य केंद्र रहा है। शायद यही वजह है कि विभिन्न धर्मों का संगम-स्थल राजगीर हर धर्म के लोगों को लुभाता रहा है। फलतः यहां भारत ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी भारी मात्रा में आते हैं। यदि धार्मिक कारणों को छोड़ दें तो भी राजगीर में अनगिनत दर्शनीय चीजें हैं।

राजगीर जाने के लिए नई दिल्ली, वाराणसी, आगरा, कानपुर, हाथीदह, हावड़ा, इलाहाबाद, बरौनी, पटना इत्यादि प्रमुख स्थानों से रेल सेवाएं उपलब्ध हैं। कोलकाता, गया और पटना से बस सेवाएं भी उपलब्ध हैं। हालांकि राजगीर में हवाई अड्डा न होने के कारण यहां वायु सेवाएं नहीं हैं पर पटना तथा गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे नजदीक होने के कारण दूर दराज तथा विदेशी पर्यटकों को भी राजगीर की यात्रा करने में ज्यादा परेशानी नहीं होती।

पटना से राजगीर की दूरी करीब 100 किलोमीटर है। पिछले दिनों मैंने राजगीर की यात्रा बस द्वारा की। राजगीर पहुंचते-पहुंचते मैं काफी थक चुका था अतः मैंने सर्वप्रथम गर्म पानी के झरने में स्नान करने का मन बनाया। बस स्टैण्ड से करीब डेढ़ किलोमीटर दक्षिण में पहाड़ से स्वतः निरंतर गिरती हुई जलधाराएं राजगीर का प्रमुख आकर्षण होने के साथ-साथ अपने आप में एक घोर आश्चर्य भी है। इसके अलावा यहां अनेकों गर्म पानी के झरने हैं जिन्हें कुण्ड कहा जाता है। पाली साहित्य में यह तपोदाराम महाबिहार भी कहा जाता है।

राजगीर में कुल मिलाकर 22 गर्म पानी के कुण्ड हैं जिनमें सूर्यकुंड और सप्तधारा प्रमुख हैं। सूर्य कुंड में साबुन लगाकर नहाने पर प्रतिबंध है हालांकि इसका उद्देश्य यही है कि पानी दूषित होने से बचाया जाए पर सच कहें तो इस कुंड में नहाने के लिए साबुन लगाने की आवश्यकता ही नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार इस पानी में गंधक तथा अन्य तत्व मिले होने के कारण इससे स्नान करने से चर्मरोग, गठिया इत्यादि से छुटकारा मिल जाता है।

वास्तविकता चाहे जो भी हो, कम से कम मेरी लंबी यात्रा की थकान गर्म पानी में नहाते ही दूर हो गई थी, अतः नहाने के बाद कुण्ड के आस-पास के मन्दिरों का दर्शन कर मैंने अपना रूख वेणुवन की ओर किया।

### क्या देखें?

**वेणुवनः-** वेणुवन सूर्यकुण्ड से करीब 100 मीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। मैंने यहां 3 रूपये का टिकट लेकर प्रवेश किया। यहां प्रवेश के लिए बच्चों के लिए 1 रू, बड़ों के लिए 3 रू. तथा विदेशियों के लिए 50 रूपये का टिकट लेना पड़ता है। वेणुवन के तालाब में विभिन्न प्रकार की मछलियां, जापानी मन्दिर और बुद्ध की प्रतिमा विशेष आकर्षण हैं। वन के ठीक बीचों-बीच स्थित तालाब जिसे करन्द निवास कहा जाता है, ने हृदय को आह्लादित कर दिया। कहा जाता है कि इसी तालाब में भगवान बुद्ध स्नान करते थे।

**मनियार मठः-** यह सूर्यकुंड से लगभग 100 मीटर दूर है। महाभारत के अनुसार राजगीर मनिनाग का प्रमुख धाम था। यहां खुदाई के बाद काफी संख्या में नाग-नागिनियों की मूर्तियां मिली हैं जिससे पता



चलता है कि मनियार मठ इसी स्थान का प्रतीक है। यहां खुदाई से प्राप्त मूर्तियों में मुकुटधारी चतुर्भज विष्णु, शिवलिंग, चट्टान पर बैठे हुए सांपों से लिपटे गणेश, नृत्य मुद्रा में छः भुजाओं वाले शिव इत्यादि प्रमुख हैं। गुप्तकाल में बनी इन मूर्तियों की कलाकारी देखते ही बनती है।

**बिम्बिसार जेलः-** यह मनियारमठ से करीब 1 कि. मी. दूर है। इसकी लंबाई-चौड़ाई करीब 200 फीट है। कहा जाता है यही वह जेल है जहां बिम्बिसार को अजातशत्रु ने बंदी बनाकर रखा था। यहां कुछ ऐसे अवशेष भी मिले हैं जो इस बात की पुष्टि करते हैं।

**जरासंध का अखाड़ाः-** यही वह जगह है जहां द्वापर युग में भीम तथा जरासंध के बीच ऐतिहासिक मल्लयुद्ध हुआ था जिसमें जरासंध की मृत्यु हो गई थी। जरासंध के समय यह स्थान मल्लयुद्ध का अखाड़ा था जिसे रणभूमि भी कहा जाता था।

**वीरायतनः-** यह एक संग्रहालय है जिसमें महावीर की जीवनी को चित्रों तथा शब्दों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। हृदय को छू लेने वाला महावीर की पवित्रा (जीवन्त) गाथाओं का यह संग्रह सूर्यकुण्ड से करीब 1.5 कि. मी. उत्तर-पश्चिम में स्थित है। यहां प्रवेश करने के लिए बच्चों को 5 रूपये तथा बड़ों को 10 रूपये का टिकट लेना पड़ता है। आंख का प्रसिद्ध अस्पताल 'वीरायतन' इसके ठीक बगल में है।

**विश्व शान्ति स्तूपः-** यह सूर्यकुण्ड से करीब 2.5 किमी. की दूरी पर स्थित रत्नागिरि पर्वत के शिखर पर स्थित है। इस स्तूप की ऊंचाई 100 फीट से भी अधिक है। स्तूप के शीर्ष पर करीब 10 फीट ऊंचा एक कलश अवस्थित है। स्तूप के भीतर और बाहर बुद्ध की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित हैं जो बरबस ही मन को मोह लेती हैं।

यूं तो विश्व शान्ति स्तूप तक पहुंचने के लिए पहाड़ी मार्ग बना हुआ है, पर सबसे आसान तरीका है रज्जू मार्ग (झूला) अर्थात् एरियल रोपवे द्वारा पहाड़ पर चढ़ना। भारत में पहाड़ पर चढ़ने के लिए पहली बार प्रयोग किए गए इस झूले द्वारा पहाड़ की चोटी तक जाने में 10 मिनट से भी कम समय लगता हैं। झूले द्वारा पहाड़ पर चढ़ने-उतरने के लिए 25 रूपये का टिकट लेना पड़ता है हालांकि मैं जब पहली बार राजगीर गया था तो इस झूले पर चढ़ने से वंचित रह गया था क्योंकि उस दिन गुरूवार था और हर गुरूवार को झूला बन्द रहता है।

**गृहकूटः-** यही वह जगह है जहां भगवान बुद्ध उपदेश दिया करते थे। राजगीर की खूबसूरत पंच पहाड़ियों की सबसे ऊंची चोटियों में गृहकूट प्रमुख है चोटी के आसपास कई छोटी-छोटी गुफाएं हैं जिसमें पहले बौद्ध भिक्षुक रहते थे। ऐसा माना जाता है कि बिम्बिसार अपने कैदखाने से गृहकूट पर बैठे महात्मा बुद्ध को देख सकता था।

इन प्रमुख स्थानों के अलावा वाणगंगा, अजातशत्रु का कोट, साइक्लोपिअनो का दीवार, रथचक्र, शंखलिपि, सोनभंडार गुफाएं, गोरक्षिणी भवनी, अजातशत्रु का गढ़, मर्दकुच्छी, संस्कारण भूमि इत्यादि वहां पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण हैं।

### कहाँ ठहरें?

राजगीर में ठहरने के लिए रेलवे स्टेशन, धर्मशालाएं तथा कई होटल हैं। इनमें राजगीर, अजातशत्रु, कनकविहार, गौतम विहार इत्यादि प्रमुख हैं। यदि आप 'राजगीर रिजेंसी' में ठहरते हैं तो यहां प्रति कमरा एक दिन का 10 से 15 हजार रूपये चार्ज है। यह वीरायतन से लगभग 100 मीटर उत्तर में स्थित है। यहां देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहीं होटल कनक विहार जो कि बस स्टेंड के ठीक बगल में है का किराया आम पर्यटक की पहुंच में है।

### कब जाएं राजगीर?

यूं तो यहां पर साल भर पर्यटक आते रहते हैं, पर यदि आप अक्तूबर से मार्च महीने के बीच आते हैं तो सोने पे सुहागा है।

### क्या खरीदें?

यहां काफी संख्या में पर्यटक पत्थर की बनी भगवान महावीर तथा बुद्ध की प्रतिमाएं एवं बांस की टोकरियां खरीदते हैं। दूसरी लोकप्रिय चीज है सिलाव का खाजा जो पूरे भारत वर्ष में मशहूर है।

### कैसे जाएं राजगीरः-

जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है कि राजगीर जाने के लिए बस तथा रेल सेवाएं उपलब्ध हैं। यदि आप बहुत दूर क्षेत्रा या विदेश में रहते हैं तो रेलगाड़ी या वायुयान द्वारा पटना या कोलकाता चले आएं। वहां से आपको सीधे राजगीर पहुंचने के लिए बस तथा रेल दोनों सेवाएं उपलब्ध हैं। (उर्वशी)

# ऐसे लगायें मेंहदी

वंदना सिंह

मेंहदी के पत्तों को सुखाकर महीन चूर्ण बनायें। मेंहदी का महीन चूर्ण (पाउडर) बाजार में तैयार भी मिलता है। इस चूर्ण को मलमल का बारीक कपड़े से दो तीन बार छान लें।

* नींबू के छाने हुए रस में नीलगिरी तेल की आठ दस बूंदें डालें। उसमें मेंहदी का चूर्ण डालकर दो घण्टे तक भिगोएं और लुगदी जैसा बनने दें।
* पानी में इमली और चाय की पत्तियां डालकर उबालें। फिर पानी को छानकर उसमें आवश्यक मेंहदी का चूर्ण डालें। उसको दो घंटे तक भिगोकर लुगदी जैसा बनने दें।
* मेंहदी की इस लुगदी को लगाने के



लिए बारीक सलाई या प्लास्टिक के कागज अथवा प्लास्टिक की बारीक सलाई तैयार भी मिलती है। सुई का नोकवाला भाग भी मेंहदी लगाने के उपयोग में ले सकते हैं।
* एक प्याले में नींबू के रस और शक्कर का मिश्रण तैयार रखें। हाथ या पैरों में लगी मेंहदी सूख कर झड़ न जाए इसलिए स्वच्छ रूई के पत्ते से वह मिश्रण उन भागों पर धीरे-धीरे लगाइए। बाद में दूसरी मेंहदी लगाने की शुरूआत करें। लगाई हुई मेंहदी चार पांच घंटे के बाद उखाड़ें।
* मेंहदी को उखाड़ने के बाद उस भाग पर राई का तेल लगाएं। कड़ाई या तवे पर चार-पांच लौंग का चूर्ण डालकर तपाएं और उसकी आंख में मेंहदी लगे हिस्से को सेंकें।
* मेंहदी उतारने के बाद इस बात का विशेष ध्यान रखें कि जब भी पानी या कोई भी कार्य करें, हाथों में प्लास्टिक के दस्ताने पहन लें।
* यदि प्लास्टिक के दस्ताने उपलब्ध न हों तो पोलिथिन के पैकेट में हाथ डालकर उपर से रबर बैंड लगा लें। इससे जब भी आप काम करेंगी तो पानी का हाथ में स्पर्श नहीं होगा। इस प्रकार मेंहदी भी नहीं छूटेगी और उसका रंग भी चटकीला बना रहेगा। (उर्वशी)

# सालों साल साथ निभाए बेंत फर्नीचर

आधुनिक मल्टीस्टोरी फ्लैट्स के युग में सबसे आराम वाला हल्का फुल्का फर्नीचर बेंत का ही है क्योंकि इसे आसानी से हटाया जा सकता है, आसानी से किसी भी मंजिल पर चढ़ाया जा सकता है। बेंत के फर्नीचर में गैप अधिक होने से तथा इसकी डिजाइनिंग इस प्रकार की होने से इसमें मिट्टी-धूल बहुत जल्दी अपना घर बना लेती है और फर्नीचर हमारा साथ अधिक समय तक नहीं दे पाता। फर्नीचर सुंदर रहे और अधिक समय तक हमारे साथ रहे तो हमें इसकी देखभाल करनी होगी। बेंत के फर्नीचर पर फोम के कुशंस कवर वाले अवश्य रखें ताकि फर्नीचर पर सीधा बैठने से बेंत कहीं से आपकी त्वचा को नुकसान न पहुंचाए और उस पर मिट्टी धूल भी नहीं जमेगी। बेंत के फर्नीचर को धूप से दूर रखें ताकि धूप से फर्नीचर फीका न पड़ जाए और बेंत जोड़ने के लिए जिस पतली बेंत की छाल से जोड़ा जाता है वो धूप से अकड़ कर क्रेक होने लगती है। यदि फर्नीचर का इस्तेमाल कुछ समय के लिए न करना हो तो उसे किसी कपड़े से ढक्कर रखें ताकि धूल फर्नीचर में बैठ न पाए। ड्राई ब्रश से या वैक्यूम क्लीनर से सप्ताह में एक बार फर्नीचर की सफाई अवश्य करें। दो साल बाद उस पर मेलामाइन से पालिश कर सकते हैं। इससे इसकी चमक बनी रहेगी।

## ये मन मेरा मुझे सताए



ये मन मेरा मुझे सताए,
ज़माने भरके किस्से सुनाए,
बातों में ताने बताए,
ख्वाबों में पलकें झुकाए,
ये मन मेरा मुझे सताए।
ये मन मेरा मुझे सताए,
क्यों बेगाना ज़िंदगी बनाए,
क्यों परवाना बंदगी बनाए,
क्यों काटे लाख बिछाए,
ये मन मेरा मुझे सताए।
ये मन मेरा मुझे सताए,
सफ़र से मंज़िल तक,
हमें अपना चिराग दिखाए।
नयन के दूरबीन से,
कश्तियों पर हमें बैठाए,
ये मन मेरा मुझे सताए।
ये मन मेरा मुझे सताए।

– पलक

# सौंदर्य वृद्धि के घरेलू उपाय



कृष्ण महतो

प्रत्येक व्यक्ति अपने-आप को सुन्दर दिखाना चाहता है और इसके लिए वह बहुत सारे यतन भी करता है। ख़ास कर महिलाओं के लिए यह विशेष महत्व रखता है। अतः अपने आप को सुन्दर बनाने के लिए कुछ आसान से घरेलू उपायः-

**(क)** आंखों के नीचे काले घेरे दूर करने के लिए आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल कर रूई के गोल आकार बनाकर उसमें डालें। आंखों पर 10-15 मिनट तक लगा कर फिर हटा लें।

**(ख)** नाखूनों को लंबा करने के लिए उन्हें गुनगुने पानी में नमक और कुछ बूंदें नींबू की डाल कर हाथ भिगो कर 20 मिनट तक रखें। इससे इनकी ग्रोथ तो बढ़ती है और यह साफ और सुन्दर दिखेंगे।

**(ग)** खीरे के रस में जौ का आटा मिलाकर लगाने से चेहरे के मुंहासे दूर हो जाते हैं।

**(घ)** हरे आंवले तेल में डालकर उबालने से उसे लगाने से बाल लंबे होते हैं।

**(ङ)** मलका मसूर की दाल कुछ दाने चावल के मिलाकर एक कटोरी में कच्चे दूध और कुछ बादाम के साथ भिगो दें। उसे अगले दिन पीसकर चेहरे पर लगाने से रंग साफ होता है। लगाने के बीस मिनट बाद इस स्क्रब को कच्चे दूध से गीला करते हुए रगड़ कर उतारें।

**(च)** बालों को सुन्दर बनाने के लिए प्याज़ के रस को बालों में तेल की तरह लगाएं।

**(छ)** नारियल की मलाई व पानी मिलाकर चेहरे पर लगाने से दाग धब्बे दूर होते हैं। उनमें नई कांति व कोमलता आती है। नियमित रूप से इसका प्रयोग करने पर त्वचा की ड्राईनेस दूर होती है, साथ ही झुर्रियों से बचाव होता है।

(ज) बाल जल्दी लंबे करने के लिए 15-20 दिन के बाद बालों को हल्का सा कैची से नीचे की और कट लगाएं। इससे बाल जल्दी लंबे होगे। (उर्वशी)

# सुहाग का प्रतीक चूड़ियां- मान्यता एवं परंपराएं

संजय कुमार 'सुमन'

चाहे कोई त्योहार हो या कोई उत्सव, युवतियां अपने श्रृंगार में चूड़ियों को सबसे पहले शामिल करती हैं। वैदिक युग में चूड़ियों को कलाइयों की शोभा मात्र के लिए पहना जाता था लेकिन मध्यकालीन भारत में इसे सुहाग का प्रतीक मान लिया गया। वर्त्तमान में सुहाग के अमर प्रतीक के रूप में देश के सभी हिस्सों में महिलाएं चूड़ियां पहनती हैं।



बदलते हुए फैशन में अब अविवाहित लड़कियां भी रंग-बिरंगी चूड़ियां पहनने लगी हैं। भारत के विविध प्रांतों में अलग-अलग तरह की चूड़ियां पहनने का रिवाज है। कहीं लाख की, कहीं हाथी दांत की तो कहीं प्लास्टिक की भी चूड़ियां पहनी जाती हैं लेकिन कांच की चूड़ियां अपने चमक-दमक और आकर्षक रंग-रूप के कारण महिलाओं में एक अलग स्थान संजोये हुए हैं। सैंधव संस्कृति में स्त्री जहां हाथों में मोटे कड़े तथा कुहनी के ऊपरी भाग में भुजबंध धारण करती थी वहीं आज भी राजस्थान, गुजरात आदि क्षेत्रों में कुछ जनजाति की महिलाएं कलाई से बाहुमूल तक चूड़ियां पहनती है।

फैशन के बदलते दौर में कई रंगों की चटकदार चूड़ियां अब बाजार में आ गयी हैं। महिलाएं अपने परिधान के रंगों के साथ चूड़ियों के रंगों को मिलाने लगी हैं। यूं तो कांच की चूड़ियों के लिए उत्तर प्रदेश का फीरोजाबाद कस्बा सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है लेकिन पुरातत्ववेत्ताओं का मानना है कि सबसे पहले कांच की चूड़ियां दकखन में बहमनी सुल्तानों के शासन काल (1347 से 1525) ई. में थी।

आजकल फैशनपरस्त नयी पीढ़ी धातु, प्लास्टिक और सोने की चूड़ियां पसंद करती है। फीरोजाबाद की कांच की चूड़ियों के साथ-साथ हैदराबाद की पत्थर की चूड़ियां और राजस्थान की लाख की चूड़ियां भी बड़े चाव के साथ पहनी जाती हैं। लाख से बनी चूड़ियों को 'लहठी' भी कहा जाता है। समय में बदलाव के साथ-साथ लहठियों के रंग रूप में भी बदलाव आया है।

बंगाल में प्रचलित शंख की चूड़ियों में लोगों को काफी विश्वास है। शंख की चूड़ियां शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करती है और इसे पहनने से खून और पित्त की बीमारियां भी नहीं होती।

कई सभ्यताओं के अन्तराल के बाद भी आज की आधुनिक नारी में चूड़ी का महत्त्व कम नहीं हुआ है। आज भी चूड़ी सुहागिणों के सुहाग को गौरवान्वित करती है। कुंवारियों की गोरी कलाई में खनकने वाली इन चूड़ियों से लड़कों का दिल मचलता है।

शादी-विवाह अथवा तीज-त्योहार पर इन चूड़ियों का विशेष महत्त्व है। महिलाओं का श्रृंगार इनके बिना अधूरा है। चूड़ी को प्रत्येक समाज तथा धर्म की मान्यता प्राप्त है इसीलिए हर समाज एवं वर्ग की महिलाओं के बीच यह काफी लोकप्रिय है।

बांह से कलाई तक चूड़ी पहनने की राजस्थानी परम्परा भले ही आज समाज में गौण होती जा रही है परन्तु फैशन की दृष्टि से इसकी विशिष्टता बरकरार है। ऐसा भी माना जाता है कि जिस स्त्री की चूड़ियां ज्यादा खनकती हैं उसे उतना ही अधिक पति का प्यार मिलता है।

विवाह पर चूड़ी संस्कार सभी जातियों में होता है। इन दिनों महिला जगत में वैचारिक विरोधाभास कुछ इस तरह गहराया है कि सदियों से चूड़ियों को सुहाग एवं श्रृंगार का एक अध्याय मानने वाली यह महिलायें चूड़ी को दासत्व की निशानी मान कर इसका परित्याग करने लगी हैं। जरा सोचिये, इतनी पुरानी परम्परा से झटके में दामन छुड़ा पाना कितना-न्यायंगत है? (उर्वशी)

# विवाहित लोग बाहर क्यों खोजते हैं अनकहे रिश्ते

एम कृष्णा राव 'राज'

वक्त की रफ्तार के साथ बदल गई है लोगों की सोच और साथ ही उनके रिश्ते भी। कभी प्यार और अपनेपन के लिए चंद रिश्ते निर्धारित हुआ करते थे। उन रिश्तों के दायरों से परे कोई रिश्ता मान्य नहीं था लेकिन अब रिश्तों का स्थायित्व कम होता जा रहा है।

विचारों की उन्मुक्तता जितनी पुरुषों पर हावी है उतनी ही स्त्रियों पर भी। जहां स्वतंत्रा विचारधारा के तहत उन्होंने अपने निर्णय स्वयं लेने शुरू किए हैं, वहीं रिश्तों के चयन में भी वे पहल लेने लगी हैं। सिर्फ रिश्ते को सर्वस्व मानकर उसके प्रति समखपत होने की भावना से लोग परे हो गए हैं।

क्यों होता है ऐसा? किस तरह बन जाते हैं ये रिश्ते। इस बारे में हमने काफी खोज बीन की और जो नतीजे सामने आए, वे इस प्रकार हैं।

स्त्रियों में जिंदगी को उन्मुक्त तरह से जीने और पुरूषों से अपने आपको कम न आंकने वाली प्रवृत्ति हावी होती जा रही है। आज इनके लिए मायने रखती है सिर्फ अपनी स्वच्छंदता।

28 वर्षीय शीतल का कहना है जब मैं 20-22 की थी तभी मुझे लगा कि यह सही समय है जब मुझे अलग अलग तरह के पुरूषों से मेलजोल बढ़ाकर यह समझना चाहिए कि संबंध किस प्रकार के हो सकते हैं। मैंने कई युवा पुरूषों के साथ का आनंद उठाया है और मुझे इसमें कोई शर्मिन्दगी नहीं होती है। ये दिन हमारी मौज मस्ती के हैं। क्यों इन्हें ईर्ष्या या रूढ़िवादिता के फेर में बर्बाद कर दें। यदि हम अभी से उपयुक्त जीवन साथी की तलाश में जुट जाएंगे तो जिंदगी डरावनी और तनाव भरी हो जाएगी। आज की जिंदगी में कमिटमेंट की उम्मीद न किसी लड़के से की जा सकती है और न ही लड़की से। ऐसे में कहां रह जाता है समर्पण का भाव।

इंसान की फितरत ही कुछ ऐसी होती है कि उसकी तलाश कभी पूरी नही होती, न प्यार की न पैसे की। ऐसे में जब जहां से थोड़ी खुशी थोड़ा



सुकून मिल जाए, काफी है। कुछ अलग तरह के लोग भी होते हैं जिन्हें रिश्ते के नाम या उसके अंजाम की परवाह नहीं होती। ये ऐसे लोग हैं जो जिंदगी को अपने हिसाब से जीना चाहते हैं।

अब वह वक्त नही रहा कि लोग समाज के बनाए हर नियम कानून का पालन करें बल्कि अब वे अपने ढंग से जीना पसंद करते हैं। थोपे गये रिश्ते उन्हें स्वीकार नहीं। वे अपने रिश्ते खुद बनाते हैं। इसमें किसी की रोक-टोक उन्हें पसंद नहीं।

किसी के जीवन में एक ही समय में एक से अधिक रिश्तों का होना कोई बड़ी बात नही रह गई है। कई बार हालात भी बेबस कर देते हैं ऐसे रिश्ते बनाने में। इस विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए संगीता कहती हैं, 'ग्लैमर वाले क्षेत्रों में जहां पुरूष और स्त्री साथ साथ कई घंटे गुजारते हैं, देर रात तक काम करते हैं, साथ खाना पीना उठना बैठना होता है। ऐसे में किसी और पुरूष के प्रति आकर्षण होना स्वाभाविक है। मेरा अपने पुरूष मित्र की ओर आकर्षित होने का कारण मेरा तनावग्रस्त होना था। ऐसा नहीं है कि मैं अपने पति से प्यार नहीं करती पर कई मर्तबा जब मुझे उनकी जरूरत होती है, तब वे पास नहीं होते जबकि मेरा मित्र हर वक्त मेरे साथ होता था। ऐसा ही एक वक्त था जब मैं बहुत तनावग्रस्त थी और मैं अपने करीबी पुरूष के कंधे पर सिर रखकर रो पड़ी थी। उसके साथ अपनी बातें शेयर करके बहुत तसल्ली मिली। संभवत चोरी चोरी उठाया गया यह सुख वैवाहिक सुख से भी मीठा होता है।'

कुछ लोग जीवन से बहुत कुछ चाहते हैं मगर जब वह हासिल नहीं होता तो उसकी तलाश जिंदगी में निरंतर जारी रहती है। फिर वह जब जहां जिससे हासिल हो जाए, ठीक है।

मनोज नायडू का कहना है, मेरी पत्नी अपने दो बच्चों और घर में ही व्यस्त रहती है। मेरे साथ बाहर जाने के लिए वक्त नहीं होता उसके पास। मुझे रिश्ते में गर्मजोशी चाहिए और यह सब मुझे मिला दीपिका से जो मुझे अक्सर जिम में मिलती है। उसके पति को बिजनेस से फुर्सत नहीं मिलती। हमें जिस चीज की तलाश थी, वह थी जीवन की पूर्णता। हम अपनी शादीशुदा जिंदगी को छोड़ना भी नहीं चाहते लेकिन यह भी उतना ही सच है कि इस रिश्ते ने हम दोनों के ही जीवन में अति उत्साह और उमंग भर दिया है।

मैरिज काउंसलरों का मानना है कि इस तरह के सामाजिक परिवर्तन के पीछे मुख्य कारण है स्त्रियों का आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होना और उनके विचारों में क्रांतिकारी बदलाव आना। स्त्री को अपने सपने पूरे करने और भावनात्मक सहारे के लिए पुरूष की सहायता की जरूरत होती है इसलिए थोड़े समय के लिए पनपे रिश्ते भी उन्हें सुकून देते हैं इसके अतिरिक्त शारीरिक संबंधों के प्रति शर्मिन्दगी का भाव भी खत्म होता जा रहा है।

ऐसे कई रिश्ते मिल जाएंगे जो कई कारणों से अपनी शादी तोड़ना नहीं चाहते। इनका मकसद सिर्फ शारीरिक इच्छाओं की पूर्ति करना भी नहीं होता, इसलिए इन्हें गलत मानना भी सही नहीं होगा। कभी थकी हारी जिंदगी से पलायन तो कभी दरकते रिश्तों का दर्द मजबूर कर देता है किसी और पनाह में जाने के लिए।

देखा जाए तो इस तरह के रिश्ते जिन पर हम चर्चा कर रहे हैं, कोई नई बात नहीं है। आज हर चीज को देखने का नजरिया बदल गया है। लोग अपने विचारों को व्यक्त करने में हिचकिचाहट महसूस नहीं करते। यहां तक कि जो रिश्ते समाज की नजर में अमान्य हैं, उन्हें स्वीकार करने से भी पीछे नहीं हटते।

हाईटेक जीवन शैली के इस दौर में जहां हर व्यक्ति अति व्यस्त है, ऐसे में और से और अधिक पाने की ख्वाहिश जोर मारने लगी है। कहीं टूटते रिश्तों का गम है, कहीं असंतुष्टि का भाव तो कहीं कुछ अलग पाने की चाह और फिर तनाव व गम से बोझिल यह मन रिश्तों की भीड़ से दूर किसी और का दामन थाम लेता है और अपना सुकून तलाशने लगता है।

अब प्रश्न यह उठता है कि क्या इस तरह के रिश्तों को उचित करार देना चाहिए? ये रिश्ते व्यक्ति को सुकून तो दे सकते हैं लेकिन ऐसे में जबकि स्त्रियों को भी इन रिश्तों से गुरेज नहीं रहा तो क्या इस तरह का बदलाव समाज में क्रांति नहीं ला देगा? (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: मूली-गाजर का अचार




सर्दियां आते ही रसोई में तरह-तरह के लजीज पकवान बनना शुरू हो जाते हैं। इस मौसम में खाने का स्वाद और भी ज्यादा अच्छा लगने लगता है। कई तरह की मौसमी सब्जियां खाने के विकल्प को बढ़ा देती हैं। ऐसे में अगर सब्जी, दाल या मेथी और पालक के गर्मागर्म पराठों के साथ अगर अचार मिल जाए तो स्वाद और बढ़ जाए। खासकर अगर अचार घर का बना हुआ हो।

इस मौसम में ताजी मूली और गाजर की भरमार रहती है। यही समय है जब आप घर में अचार का बड़ा सा कांच का जार भर सकते हैं। मूली-गाजर का अचार न सिर्फ स्वाद बढ़ाता है, बल्कि खाने की थाली में सर्दियों की रंगत भी घोल देता है। लेकिन अक्सर शिकायत रहती है कि अचार जल्दी खराब हो जाता है, पानी छोड़ देता है या लंबे समय तक ताजा नहीं रहता। लेकिन अगर नानी-दादी की पारंपरिक रेसिपी को अपनाकर सर्दियों में गाजर और मूली का अचार तैयार करेंगे तो स्वाद भी गजब का होगा और लंबे समय तक स्टोर भी किया जा सकेगा। ये रही मूली गाजर के अचार की पारंपरिक विधि और सामग्री।

### मूली-गाजर का अचार बनाने के लिए सामग्री

- गाजर- 500 ग्राम (लंबी कटी हुई)
- मूली- 500 ग्राम (पतली लंबी कटी)
- हरी मिर्च- 8-10
- अदरक- 100 ग्राम (लंबी कटी)
- सरसों का तेल- 1 कप
- राई (पीसी हुई)- 3 बड़े चम्मच



- मेथी दाना- 1 बड़ा चम्मच
- हल्दी- 1 बड़ा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- 2 बड़े चम्मच
- नमक- स्वादानुसार
- सिरका- तीन से चार बड़े चम्मच

### मूली-गाजर का अचार बनाने की विधि

**सब्जियां सुखाएं**

अचार बनाने के लिए सबसे पहले और जरूरी स्टेप है सब्जियां अच्छे से धोकर सुखाना। कटी हुई गाजर और मूली को दो-तीन घंटे कपड़े पर फैला कर सुखाएं। जितनी कम नमी होगी, अचार उतना लंबे समय तक चलेगा। यह वही पारंपरिक तरीका है जो दादी-नानी हमेशा अपनाती थीं।

**मसालों का देसी तड़का**

मेथी दाना हल्का सा भूनकर मोटा पीस लें। पीसी हुई राई, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर को एक बर्तन में मिलाएं।

**सरसों के तेल का सही इस्तेमाल**

सरसों का तेल तेज आंच पर धुआं उठने तक गरम करें। फिर हल्का ठंडा होने पर इसे मसालों में डालें। यही तेल अचार को उसकी गर्म, तीखी और पारंपरिक खुशबू देता है।

**सब्जियों में मसाला मिलाएं**

सुखाई गई गाजर-मूली में मसाला, अदरक और हरी मिर्च डालें। धीरे-धीरे मिलाएं ताकि हर टुकड़ा मसाले में लिपट जाए।

**सिरका डालना न भूलें**

यह प्राकृतिक प्रिज़र्वेटिव है। इससे अचार खराब नहीं होता और स्वाद भी स्थिर रहता है। लंबे समय तक अचार को ताजा रखने के लिए सिरके का उपयोग किया जाता है।

**सही से स्टोर करें**

अचार को कांच के सूखे जार में भरकर दो से तीन दिन धूप में रखें। रोज़ जार को हल्का सा हिलाएं ताकि मसाला और तेल बराबर फैले। यही तरीका आपके अचार को तीन से चार महीने तक ताज़ा रख सकता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पीओके से संचालित हो रहे आतंकियों के गुर्गे की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार को पुलिस ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से संचालित हो रहे आतंकवादियों के एक गुर्गे की संपत्ति को कुर्क कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के त्राल क्षेत्र के सैयदाबाद पस्तूना में पुलिस ने यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि यह संपत्ति पीओके से संचालित होने वाले जम्मू-कश्मीर नेशनल ऑपरेटिंग (जेकेएनओपी) से जुड़े मुबाशिर अहमद की है, जो त्राल के सैयदाबाद पस्तूना का निवासी है। उनके अनुसार, जांच के दौरान इस संपत्ति का पता चला था।

### पंजाबी गायक हरमन सिद्धू की मानसा में सड़क हादसे में मौत

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मानसा जिले में पंजाबी गायक हरमन सिद्धू की कार की एक कैंटर ट्रक से टक्कर हो जाने के कारण उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब गायक सिद्धू (36) शुक्रवार रात को मानसा स्थित अपने गांव खियाला कलां लौट रहे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को पकड़ लिया गया है और इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है। सिद्धू अपने गाने 'पेपर ते प्यार' से मशहूर हुए थे, जो 2007 में गायिका मिस पूजा के साथ एक युगल गीत था। उनके अन्य गानों में 'मेला', 'सारी रात परहदी', 'थकेवन जट्टां दा' और 'पाई गया प्यार' शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हादसों में सेना के जेसीओ, अग्निवीर की मौत

**मेंढर/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में अलग-अलग घटनाओं में सेना के एक 'जूनियर कमीशंड अधिकारी' (जेसीओ) और एक अग्निवीर की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केरल के रहने वाले जेसीओ सजीश के. शुक्रवार शाम को बेहरामगल्ला के सेरी मस्तान इलाके में एक दल का नेतृत्व कर रहे थे, तभी एक खड़ी ढलान पर चढ़ते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह एक गहरी खाई में गिर गए। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने बचाव अभियान शुरू किया और जेसीओ का शव बरामद किया। उन्होंने बताया कि कानूनी और चिकित्सीय औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को उनके गृह नगर भेज दिया गया। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने मारे गये सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेना ने कहा, ''व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग और सभी रैंक के अधिकारी सूबेदार (ऑपरेटर) सजीश के को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने 21 नवंबर को क्षेत्र में गश्त के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। हम दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं।'

### पूर्व विधायक अनवर के कथित ऋण हेराफेरी मामले की जांच में वित्तीय अनियमितताएं उजागर: ईडी

**मलप्पुरम (केरल) :** केरल के पूर्व विधायक पी वी अनवर द्वारा कथित ऋण हेराफेरी के मामले की जांच में वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी ने शुक्रवार को अनवर के आवासों और व्यापारिक परिसरों पर छापे मारे थे। ईडी 2015 में केरल वित्तीय निगम (केएफसी) द्वारा 'मलमकुलम कंस्ट्रक्शन्स' को दिये गये 7.5 करोड़ रुपये के ऋण मामले की जांच कर रहा है। ईडी के एक बयान में कहा गया है कि बाद में, उन्हीं 'कोलेटरल' संपत्तियों का इस्तेमाल करते हुए, थोड़े अंतराल के भीतर पी वी आर डेवलपर्स को 3.05 करोड़ रुपये और 1.56 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए जिसके परिणामस्वरूप कुल एनपीए लगभग 22.3 करोड़ रुपये का हो गया। 'कोलेटरल' संपत्ति वह संपत्ति है जिसे उधारकर्ता ऋणदाता को ऋण के लिए सुरक्षा के रूप में देता है। यदि उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल रहता है, तो ऋणदाता इस संपत्ति को जब्त करके अपने नुकसान की भरपाई कर सकता है।

# दिल्ली ब्लास्ट साजिश में 'टेरर डॉक्टर' का खुलासा, सीरियल ब्लास्ट की थी तैयारी, 2 साल से चल रही थी प्लानिंग!



दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी डॉ मुजम्मिल (बाएं), आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर नबी (दाएं)

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में 10/11 को हुई ब्लास्ट घटना की जांच में ऐसा चौंकाने वाला खुलासा हुआ है जिसने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। जांच में पता चला है कि जैश से जुड़े एक व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल ने देश के कई शहरों में सीरियल ब्लास्ट की बड़ी साजिश रची थी। रेड फोर्ट के पास आई 20 में हुआ धमाका दरअसल एक 'पैनिक डेटोनेशन' था, जबकि योजना इससे कहीं बड़े पैमाने पर धमाके की थी।

**दो साल से चल रही थी तैयारी**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी के सामने गिरफ्तार आरोपी डॉ. मुज़म्मिल शकील ने पूछताछ में कबूल किया है कि वह पिछले दो साल से इस साजिश में शामिल था। इसी दौरान वह लगातार विस्फोटक, रिमोट और ब्लास्ट में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स इकट्ठा कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक मुजम्मिल को खासतौर पर यूरिया और अमोनियम नाइट्रेट खरीदने का जिम्मा दिया गया था। ये दोनों मिलकर बाहरी डेटोनेशन से भारी धमाका कर सकते हैं।

मुजम्मिल ने गुरुग्राम और नूंह से 3 लाख रुपये देकर 26 क्विंटल एनपीके फर्टिलाइजर खरीदा था। वहीं नूंह से अन्य विस्फोटक सामग्री ली गई और फरीदाबाद के दो बाजारों से इलेक्ट्रॉनिक सामान। इतना ही नहीं, रसायनों को सुरक्षित रखने के लिए उसने एक डीप फ्रीजर भी खरीदा था।

**आत्मघाती बमबाज उमर की भूमिका**

मुजम्मिल के साथी उमर मोहम्मद को फर्टिलाइजर प्रोसेस करने और बाकी रसायन जुटाने की जिम्मेदारी थी। जांच में वह फ्लोर मिल भी बरामद हुई है जहां यूरिया को पीसा जाता था ताकि उसे ब्लास्ट में इस्तेमाल होने योग्य बनाया जा सके। यही उमर बाद में दिल्ली ब्लास्ट के दौरान खुद भी उड़ गया।

**खुद ही जुटाए थे 26 लाख रुपये**

इस मॉड्यूल ने धमाके के लिए पैसा विदेश से नहीं, बल्कि खुद ही इकट्ठा किया था। कुल 26 लाख रुपये जुटाए गए, जिसमें उमर ने 2 लाख दिये और मुज़म्मिल ने 5 लाख। आदिल राथर ने 8 लाख, मुज़फ्फर राथर ने 6 लाख और लखनऊ का शाइन सईद 5 लाख रुपये लाया। पैसों को लेकर उमर और मुज़म्मिल के बीच अल फला यूनिवर्सिटी में झगड़ा भी हुआ था।

बाद में उमर ने अपनी रेड ईकोस्पोर्ट कार मुज़म्मिल को दे दी थी जो बाद में फरीदाबाद से बरामद हुई। अल फला यूनिवर्सिटी भी अब जांच के घेरे में है क्योंकि सभी आरोपी वहीं काम करते थे और संस्थान पर वित्तीय गड़बड़ियों के भी आरोप हैं।

**हथियारों का सौदा और तुर्की का सफर**

पूछताछ में मुजम्मिल ने ये भी स्वीकार किया कि उसने 6.5 लाख रुपये में एक -घ-47 खरीदी थी जो बाद में आदिल राथर के लॉकर से बरामद हुई। उसने बताया कि उसका हैंडलर मंसूर था जबकि उमर का हैंडलर हाशिम। यह पूरा मॉड्यूल 'इब्राहिम' नाम के व्यक्ति के निर्देश पर काम कर रहा था। मुजम्मिल, आदिल और मुजफ्फर तुर्की भी गए थे। यह यात्रा 'ओकासा' नाम के व्यक्ति के कहने पर की गई थी जो तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। योजना थी कि वहां से अफगानिस्तान में दाखिल हों, लेकिन हैंडलर ने अचानक प्लान बदल दिया और तीनों एक हफ्ते तक इंतजार के बाद वापस लौट आए।

**इंटरनेट से सीखा बम बनाना**

एनआईए की जांच में पता चला है कि उमर इंटरनेट से बम बनाने के वीडियो और टेक्स्ट पढ़ रहा था। विशेषज्ञों का मानना है कि उपलब्ध जानकारी के आधार पर यह पूरा नेटवर्क कई शहरों में एक साथ धमाके करने की तैयारी कर रहा था और दिल्ली ब्लास्ट उसकी शुरुआती कड़ी थी जो हादसे की वजह से पहले ही फट गया।

**जांच में उभर रही कई विदेशी कड़ियां**

कई विदेशी लिंक और घरेलू मॉड्यूल सामने आने के बाद अब एजेंसियां गहराई से जांच कर रही हैं कि आखिर इस साजिश का मास्टरमाइंड कौन है और असल मकसद क्या था। फिलहाल उमर को छोड़कर बाकी सभी आरोपी हिरासत में हैं और पूछताछ जारी है। यह साफ है कि दिल्ली ब्लास्ट के पीछे सिर्फ एक धमाका नहीं बल्कि एक बड़े नेटवर्क की खतरनाक योजना छिपी थी, जिसे समय पर उजागर करना देश की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी था।

## कार्यक्रमों में बुके नहीं, बुक दीजिए: पुष्कर सिंह धामी



**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि इंटरनेट और कृत्रिम मेधा (एआई) के युग में भी पुस्तकों का कोई विकल्प नहीं है और इसलिए कार्यक्रमों में बुके नहीं, बुक दीजिए। वरिष्ठ पत्रकार जयसिंह रावत द्वारा लिखित पुस्तक उत्तराखंड राज्य का नवीन राजनीतिक इतिहास का विमोचन करने के बाद मुख्यमंत्री ने पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि आज इंटरनेट और कृत्रिम मेधा के दौर में जानकारी तुरंत उपलब्ध हो जाती है, लेकिन किताबों का महत्व कभी कम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे विचारों को गहराई देती हैं और ज्ञान को स्थायी रूप से संजोती हैं। धामी ने कहा, पुस्तकों का कोई 'रिप्लेसमेंट' (विकल्प) नहीं है। पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि सोचने, समझने और सीखने की एक गहरी प्रक्रिया हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपील की, किसी भी कार्यक्रम में 'बुके नहीं, बुक दीजिए', इससे जहां पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ेगी, वहीं लेखकों को भी प्रेरणा मिलेगी। धामी ने कहा कि वह स्वयं भी पुस्तकें पढ़ने के लिए समय निकालते हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वह अपने साथ पुस्तकें ले जाते हैं, जहां उन्हें चार-पांच घंटे पढ़ने का अवसर मिल जाता है।

## 'मियां' एकजुट होकर वोट करते हैं, जबकि 'हमारे मत' बिखरे हुए हैं : हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि 'मियां' एकजुट होकर वोट डालते हैं, जिसकी वजह से वे 'राजनीतिक रूप से मजबूत रहते हैं', जबकि 'हमारे लोगों' के वोट बिखरे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि निचले असम अर्थात ब्रह्मपुत्र घाटी के पश्चिमी हिस्से के जिलों से अवैध रूप से बसने वालों को 'और आगे बढ़ने से रोकने' के लिए उन पर लगातार 'दबाव' बनाए रखना होगा। शर्मा ने विभिन्न कार्यक्रमों के इतर संवाददाताओं से कहा, ''मियां लोग एक साथ, एकमुश्त वोट करते हैं। इसलिए वे राजनीतिक रूप से आगे बढ़ रहे हैं। हमारे वोट बिखरे हुए हैं। इसलिए मैं हमारे लोगों से कहता हूं कि एकजुट होकर वोट करें, चाहे किसी भी पार्टी या व्यक्ति के पक्ष में क्यों न हो।'' 'मियां' मूल रूप से असम में बांग्ला-भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है, और गैर-बांग्लाभाषी लोग आमतौर पर उन्हें बांग्लादेशी घुसपैठिया मानते हैं। हाल के वर्षों में समुदाय के कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध के रूप में इस शब्द को अपनाना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने राज्य के कई हिस्सों में बांग्ला-भाषी मुसलमानों के बहुसंख्यक हो जाने की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए कहा, '' निचले असम को उनसे वापस नहीं लिया जा सकता। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आगे न बढ़ सकें। हमें उन पर दबाव बनाए रखना होगा और ऐसी परिस्थितियां पैदा करनी होंगी कि भले ही आज नहीं, लेकिन 10-15 वर्षों में वे यहां से जाने को मजबूर हो जाएं।'' शर्मा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी उन लोगों की समस्याएं हल करने में नाकाम रही है, जिन्होंने वर्षों तक उसे वोट दिया।

## गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी दिवस : दिल्ली सरकार ने 25 नवंबर को अवकाश की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने सिख गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी दिवस 25 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' दिल्ली सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी दिवस के पावन अवसर पर 25 नवंबर 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया है।'' उन्होंने कहा, '' गुरु साहिब के साहस, करुणा और धार्मिक स्वतंत्रता के संदेश हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।'' मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के इस पावन अवसर पर दिल्ली उनके अमर संदेश को एक बार फिर समय के शिखर पर प्रतिष्ठित करने के लिए पूर्णतः तैयार है।

## पाकिस्तान टू इंडिया ड्रोन से हुई हथियारों की तस्करी...(पृष्ठ 1 का शेषांश)

सूचना थी कि वह हथियार देने दिल्ली के रोहिणी में आएंगे। जिसके बाद डीसीपी क्राइम ब्रांच संजीव कुमार यादव के सुपरविजन में एसीपी संजय नागपाल, इंस्पेक्टर मान सिंह, सुंदर गौतम व अन्यों की टीम का गठन किया गया। टीम ने रोहिणी सेक्टर-28 में ट्रैप लगाकर स्विफ्ट डिजायर कार को जांच के लिए रोका।

**स्पीकर बॉक्स में थे हथियार**

कार की तलाशी ली गई तो उसके स्पीकर बॉक्स में एक बैग छिपा मिला। जिसमें 8 उच्च गुणवत्ता वाली विदेशी पिस्टल और 84 कारतूस थे। दोनों आरोपियों को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मनदीप और दलविंदर थे। दोनों जालंधर पंजाब के रहने वाले हैं। पूछताछ में पता चला दोनों आरोपी विदेशी संचालकों से जुड़े थे और उनके निर्देश पर इंडिया में अलग-अलग गैंग्स और अन्य लोगों को हथियार मुहैया कराते थे।

दोनों के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने आर्म्स एक्ट समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के बाद दो प्रमुख बिचौलियों रोहन और अजय उर्फ मोनू को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

**कस्टमाइज्ड कमर्शियल ड्रोन का इस्तेमाल**

आरोपियों से पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान बॉर्डर से देर रात के समय हथियार, गोला-बारूद और अन्य प्रतिबंधित सामान गिराने के लिए कस्टमाइज़्ड कमर्शियल ड्रोन को वहां तैनात करते हैं। जिससे पकड़े न जा सकें। या ड्रोन आमतौर पर रडार से बचने के लिए कम ऊंचाई पर उड़ते हैं। यह छोटे लेकिन ज़्यादा वज़न वाले सामान को आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं।

हथियारों की खेपों को पहले से चुने गए जीपीएस स्थानों पर गिराया जाता है, जहां से भारतीय पक्ष के रिसीवर, आमतौर पर स्थानीय अपराधी या हथियार तस्कर उन हथियारों को ले लेते हैं। संचालक एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफार्मों के माध्यम से ड्रॉप का समन्वय करते हैं और पैटर्न का पता लगाने से बचने के लिए अक्सर स्थान और समय बदलते रहते हैं। नेटवर्क स्थानीय सहयोगियों पर निर्भर करता है, जो पुलिस की आवाजाही पर नजर रखते हैं और जल्द से जल्द सामान उठाते हैं। गुमनामी बनाए रखने के लिए भुगतान हवाला चैनलों या प्रॉक्सी खातों के माध्यम से किया जाता है।

**कौन है सोनू खत्री उर्फ राजेश कुमार**

सोनू खत्री उर्फ राजेश कुमार पंजाब-अमेरिका स्थित एक गैंगस्टर है, जो 2021 में भारत से भाग गया था। ताजा जानकारी के अनुसार वह वर्तमान में अमेरिका में है। उसके खिलाफ आरसीएन (रेड कॉर्नर नोटिस) जारी किया गया है। वह हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, एनडीपीएस एक्ट, विस्फोटक अधिनियम और अन्य जघन्य मामलों सहित लगभग 45 आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया है।

जसप्रीत उर्फ जस, राजेश खत्री उर्फ सोनू कुमार का करीबी सहयोगी है और पाकिस्तान से हथियार/ड्रग्स मंगवाता था, जिन्हें ड्रोन के जरिए सीमावर्ती इलाकों में पहुंचाया जाता था। जब जस कानून प्रवर्तन एजेंसियों के रडार पर आया तो वह भारत से भाग गया। इस गिरोह को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का समर्थन प्राप्त है।

## पंजाब : भाजपा महिला मोर्चा ने 1000 रुपये देने के आप के वादे के पूरा न होने पर किया प्रदर्शन



**चंडीगढ़ :** पंजाब भाजपा महिला मोर्चा ने शनिवार को राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक देने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि मोर्चा अध्यक्ष जय इंदर कौर के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय का घेराव करने के लिए पुलिस बैरिकेड्स को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। चंडीगढ़ पुलिस ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया और बाद में उन्हें हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय की ओर बढ़ने से रोकने के लिए पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर महिला पुलिसकर्मियों सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कौर ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले आप ने हर महिला को 1,000 रुपये देने का वादा किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी की सरकार के चार साल पूरे होने के बावजूद राज्य में किसी भी महिला को अभी तक वह नहीं मिला है, जिसका वादा किया गया था। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार पर अब प्रत्येक महिला का 45,000 रुपये बकाया है।

## नमो भारत ट्रेनें अब जन्मदिन मनाने, 'प्री-वेडिंग शूट' के लिए उपलब्ध



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने अपने 'नमो भारत' ट्रेनों और स्टेशनों को व्यक्तिगत आयोजनों के लिए खोल दिया है, जिसमें जन्मदिन समारोह, 'प्री-वेडिंग शूट' और अन्य निजी कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया, ''नयी नीति के तहत कोई भी व्यक्ति, कार्यक्रम आयोजक और फोटोग्राफी या मीडिया कंपनियां 'नमो भारत' कोच बुक कर सकते हैं।'' इसमें कहा गया कि दुहाई डिपो में एक स्थिर 'मॉक-अप' कोच भी शूट के लिए उपलब्ध है। एनसीआरटीसी ने कहा कि यह सेवा एक विशिष्ट अनुभव प्रदान करती है, क्योंकि 'नमो भारत' ट्रेन के आधुनिक, अंतरराष्ट्रीय स्तर के डिजाइन वाले कोच फोटो और छोटे आयोजनों के लिए एक आकर्षक वातावरण उपलब्ध कराते हैं। उसने यह भी कहा कि समारोह के लिए केवल सुबह छह बजे से रात 11 बजे के बीच ही अनुमति दी जाएगी और उन्हें इस प्रकार आयोजित किया जाएगा कि ट्रेन संचालन में कोई बाधा न आए और यात्रियों को असुविधा न हो।

## अल-फलाह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के पैतृक मकान के खिलाफ कार्रवाई पर उच्च न्यायालय की रोक

**इंदौर :** फरीदाबाद के अल-फलाह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जवाद अहमद सिद्दीकी के महू स्थित पैतृक मकान का ''अनधिकृत निर्माण'' हटाए जाने को लेकर छावनी परिषद के नोटिस के अमल पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने अंतरिम रोक लगा दी है। 'हिबानामा' (इस्लामी परंपरा के मुताबिक भेंट स्वरूप किसी व्यक्ति के नाम जायदाद कर देना) के जरिये इस मकान पर मालिकाना हक का दावा करने वाले एक व्यक्ति की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया। दिल्ली में लाल किला के निकट धीमी गति से चलती कार में हुए विस्फोट की घटना के बाद, अल-फलाह विश्वविद्यालय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जांच के घेरे में है। दस नवंबर को हुए इस विस्फोट में 15 लोगों की जान चली गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जवाद अहमद सिद्दीकी मूल रूप से महू के रहने वाले हैं और उनके पिता हम्माद अहमद लंबे समय तक महू के शहर काजी रहे थे जिनका वर्षों पहले निधन हो चुका है। अधिकारियों ने बताया कि इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर महू की छावनी परिषद के रिकॉर्ड में मुकेरी मोहल्ले का मकान क्रमांक 1371 जवाद अहमद सिद्दीकी के दिवंगत पिता हम्माद अहमद के नाम पर दर्ज है। छावनी परिषद के 19 नवंबर को जारी नोटिस में कहा गया था कि तीन दिन के भीतर इस मकान का ''अनधिकृत निर्माण'' हटा लिया जाए, अन्यथा परिषद संबद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत इस निर्माण को ढहा देगी और इस कार्रवाई का खर्च मकान के कब्जाधारी या संपत्ति के मालिक के वैध वारिसों से वसूला जाएगा।

## पालघर के जंगल में 11 वर्षीय लड़के ने तेंदुए का मुकाबला किया; स्कूल बैग ने बच्चे की जान बचाई



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 11 वर्षीय एक स्कूली छात्र ने उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए अपने दोस्त की मदद से एक खूंखार तेंदुए का डटकर सामना किया। दोनों लड़कों ने तेंदुए पर पत्थर फेंका और शोर मचाया, जिसने जंगली जानवर को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम माला पदवीपाडा क्षेत्र के पास हुई। उन्होंने बताया कि अगर मयंक कुवारा के पास उसका स्कूल बैग नहीं होता तो तेंदुए के साथ हुई इस मुठभेड़ का अंजाम और भी बुरा हो सकता था। उन्होंने बताया कि तेंदुए ने जब छात्र पर झपट्टा मारा, तो उसका बैग उसके लिए एक सुरक्षा कवच साबित हुआ। अधिकारियों ने कहा, स्कूल से लौट रहे पांचवीं कक्षा के छात्र कुवारा पर तेंदुए ने हमला कर दिया। कुवारा और एक दूसरे लड़के ने शोर मचाकर और पत्थर फेंककर उसका सामना किया। बच्चों के शोर मचाने से आस-पास के लोग सतर्क हो गए और घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों की भीड़ देखकर तेंदुआ वापस जंगल की ओर भाग गया। तेंदुए के पंजे से कुवारा के हाथ में चोट आई है और फिलहाल उसका विक्रमगढ़ ग्रामीण अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। कांचड़ के वन अधिकारी स्वप्निल मोहिते ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वन विभाग के अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बाद में वे उस अस्पताल में भी गए जहां छात्र को ले जाया गया था।

## वैश्विक नेताओं के घोषणापत्र में भारत की प्राथमिकताएं

**1.** जी20 दक्षिण अफ्रीका शिखर सम्मेलन में, भारत ने वैश्विक नेताओं के घोषणापत्र में भारतीय जी20 अध्यक्षता के मुख्य परिणामों को दोहराने में सफल रहने के साथ ही यह भी सुनिश्चित किया कि वैश्विक दक्षिण के मुद्दे और प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से उजागर हों। भारत के दृष्टिकोण से जुड़े मुख्य परिणाम निम्नलिखित है-

**2.** आतंकवाद के सभी रूपों और कृत्यों की भी निंदा की गई है। पैरा 6

**3.** प्रौद्योगिकी के मामले में, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में बदलाव लाने की क्षमता पर बल दिया गया है। इसके अलावा, एआई सहित डिजिटल और उभरती प्रौद्योगिकी की क्षमता का उपयोग करने के लिए भारत की वचनबद्धता को दोहराया गया है। सुरक्षित, सुदृढ़ और विश्वसनीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विकास, प्रस्तरण और उपयोग की पुनः पुष्टि की गई है। पैरा 45

**4.** महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए दृढ़ समर्थन पर बल दिया गया और इस संबंध में, भारत की जी20 अध्यक्षता के मुख्य परिणामों में से एक, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहन दिया गया है। पैरा 101

**5.** आपदा से निपटने की क्षमता और त्वरित कार्यवाही को सक्षम बनाना दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता की मुख्य प्राथमिकता है। भारत की अध्यक्षता में प्रारंभ किए गए आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह के परिणामों को घोषणापत्र में और सुदृढ़ किया गया है। इसके अतिरिक्त, इस संदर्भ में आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) को मान्यता दी गई है। पैरा 9

**6.** खाद्य सुरक्षा और पोषण पर डेक्कन उच्च-स्तरीय सिद्धांत को खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में मज़बूत किया गया है। पैरा 39

**7.** स्वास्थ्य के क्षेत्र में, पारंपरिक और पूरक चिकित्सा की भूमिका को मान्यता दी गई है और नई दिल्ली लीडर्स की घोषणा की याद दिलाती है। पैरा 104

**8.** सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक जलवायु वित्त था, जिसमें हमने पिछले वर्ष की तुलना में अधिक महत्वाकांक्षी विचारों का मंथन किया। जलवायु वित्त के कोष को अरबों डॉलर से बढ़ाकर ट्रिलियन डॉलर करने की आवश्यकता को पहचानने के अलावा, घोषणापत्र में इस बात पर भी बल दिया गया है कि विकासशील देशों को अपने राष्ट्रीय स्तर पर तय योगदान को क्रियान्वित करने के लिए वर्ष 2030 से पहले के समय के लिए अनुमानित 5.8-5.9 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की आवश्यकता है। पैरा 94 और 95 सतत उत्पादन और उपभोग पैटर्न को अपनाने और सतत विकास के लिए जीवनचर्या (एलआईएफई) को मुख्यधारा में लाने के महत्व को पहचाना गया है। पैरा 26

**9.** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग पर भी बल दिया, जिससे उसका प्रतिनिधित्व और बेहतर हो सके। पैरा 83

**10.** इसके अलावा, नई दिल्ली लीडर्स के घोषणापत्र की भाषा का प्रभाव भी दस्तावेज में कई दूसरे मामलों पर दिखाई देता है।

## मामलों का बोझ घटाना, मध्यस्थता को बढ़ावा देना प्राथमिकता होगा: न्यायमूर्ति सूर्यकांत

### भारत की अदालतों में 4.6 करोड़ से ज्यादा मामले लंबित



**नयी दिल्ली :** नामित प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि देशभर की अदालतों में लंबित पांच करोड़ से अधिक मामलों का बोझ घटाना और विवाद समाधान के वैकल्पिक तरीके के रूप में बेहद प्रभावी मध्यस्थता को बढ़ावा देना न्यायपालिका प्रमुख के रूप में उनकी प्राथमिकता होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायाधीशों और अदालती फैसलों की ऑनलाइन आलोचना पर कहा कि इन बातों ने उन्हें कभी परेशान नहीं किया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष आलोचना हमेशा स्वीकार्य होती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत की नियुक्ति को 30 अक्टूबर को मंजूरी दे दी थी। वह न्यायमूर्ति बीआर गवई की जगह लेंगे। उन्हें 24 नवंबर को पद की शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी में अपने आवास पर संवाददाताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, लंबित मुकदमे मेरी पहली और सबसे बड़ी चुनौती हैं। आज का स्कोरबोर्ड दर्शाता है कि उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या 90,000 को पार कर गई है। मैं इस पर नहीं जा रहा कि यह कैसे हुआ, इसके लिए कौन जिम्मेदार है...। उन्होंने कहा कि वह उच्च न्यायालयों से अपने यहां और देशभर की निचली अदालतों में लंबित मुकदमों के बारे में रिपोर्ट भी मांगेंगे। विभिन्न रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की अदालतों में 4.6 करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक कारगर वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र के रूप में मध्यस्थता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, मध्यस्थता को बढ़ावा देना दूसरी प्राथमिकता होगा। मध्यस्थता किसी विवाद के समाधान का सबसे आसान तरीका है और यह वास्तव में बड़ा बदलाव ला सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शीर्ष अदालत में हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिए भाषण का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने मध्यस्थता की आवश्यकता पर बल दिया था। नामित प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अब पूरा देश मध्यस्थता के बारे में बात कर रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि हाल ही में भारत की निजी बहुराष्ट्रीय कंपनियों, बैंकों और बीमा कंपनियों ने अपने कर्मचारियों के लिए मध्यस्थता प्रशिक्षण की मांग करते हुए आधिकारिक तौर पर शीर्ष अदालत का रुख किया। उन्होंने कहा कि वे खुद के आंतरिक मध्यस्थ रखना चाहती थीं, क्योंकि उन्हें मुकदमेबाजी के फेर में नहीं उलझना था।

